


दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




वर्ष : 12 | अंक : 26 | लखनऊ, 17 जनवरी, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


## खबर संक्षेप

### आग से शायर मंसूर की बेटी की जान गई



मुरादाबाद। कोतवाली क्षेत्र के बारादरी मोहल्ले में बुधवार की देर रात नगर निगम से सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं शायर मंसूर उस्मानी के मकान की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में ब्लोअर हीटर से आग लग गई। कमरे में सो रही उनकी बेटी हुमा उस्मानी की जलकर मौत हो गई। हादसे के समय हुमा कमरे में अकेली थीं। लपटें व धुआं देखकर लोगों ने शोर मचाया तो परिजन जागे।

### मवेशी को बचाने में पति पत्नी समेत 4 की मौत



चित्तौड़गढ़। जिले में उदयपुर-चित्तौड़गढ़ सिक्सलेन पर भादसोड़ा थाना क्षेत्र के नरधारी गांव के पास गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में पति-पत्नी सहित 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। 8 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उदयपुर से चित्तौड़गढ़ जा रही कार नरधारी गांव के पास मवेशी को बचाने में असंतुलित हो गई।

### जुए के खिलाफ कार्रवाई 242 साइट्स ब्लॉक



नई दिल्ली। भारत सरकार ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आज 242 गैरकानूनी वेबसाइट लिंक ब्लॉक कर दिए हैं। यह कदम ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए फैल रहे जुए पर लगाम लगाने उठाया गया है। अब तक 7,800 अवैध सट्टेबाजी, जुए से जुड़ी वेबसाइट्स को बंद किया है।

### प्रख्यात समालोचक वीरेंद्र यादव का निधन



नई दिल्ली। हिंदी के प्रख्यात समालोचक, लेखक वीरेंद्र यादव का शुक्रवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनका स्वास्थ्य खराब था। उन्होंने इंदिरा नगर में अपने घर पर अंतिम सांस ली। उनका जन्म 1950 में जौनपुर में हुआ था। वे कथा आलोचना में सक्रिय रहे। वामपंथी बौद्धिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में जुड़े थे।

### खराब मौसम के चलते राष्ट्रपति का दौरा रद्द



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जालंधर दौरा रद्द हो गया है। उनकी फ्लाइट अमृतसर से टेकऑफ नहीं कर सकी। खराब मौसम के चलते दौरा रद्द करना पड़ा है। उन्हें डॉ. बीआर आंबेडकर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के 21वें कन्वोकेशन में शामिल होना था। इसके पहले जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने नेशनल स्टार्टअप-डे पर किया संबोधित

# भारत की स्टार्टअप क्रांति भविष्य का आधार 10 साल में यह एक बड़े स्तंभ के रूप में उभरा

### प्रधानमंत्री ने कहा- इसकी नींव विज्ञान भवन में रखी थी



**इनका समूह देश के उज्ज्वल भविष्य को बता रहा**

**शुरूआत में युवाओं की संख्या 500 के करीब थी**



'नेशनल स्टार्टअप डे' के अवसर पर उद्यमियों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

भारत का स्टार्टअप ईकोसिस्टम पिछले एक दशक में एक सीमित विचार से निकलकर राष्ट्र निर्माण के सबसे बड़े स्तंभ के रूप में उभरा है। 'नेशनल स्टार्टअप डे' के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विकास यात्रा को नए और विकसित होते भारत के भविष्य का आधार बताया है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आज के स्टार्टअप फाउंडर्स और इनोवेटर्स का समूह वास्तव में भारत के उज्ज्वल भविष्य की तस्वीर पेश कर रहा है। प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप आंदोलन की विनम्र शुरुआत को याद करते हुए बताया कि लगभग 10 साल पहले, इस कार्यक्रम की नींव विज्ञान भवन में रखी गई थी। उस समय यह पहल बहुत छोटी थी और इसमें भाग लेने वाले नौजवानों की संख्या महज 500 से 700 के बीच थी। पीएम मोदी ने कहा कि आज इस परिदृश्य में आया बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या और उनके विस्तार ने आयोजन स्थल को विज्ञान भवन से भारत मंडपम तक पहुंचा दिया है।

#### 10 साल पूरे होने का मनाया गया जश्न

आज हम स्टार्टअप इंडिया के 10 साल पूरे होने का माइलस्टोन सेलिब्रेट कर रहे हैं। 10 साल की ये जर्नी सिर्फ एक सरकारी योजना के सफल होने की कहानी नहीं है, ये आप जैसे हजारों-लाखों सपनों की यात्रा है। ये कितने ही सपनों के साकार होने की यात्रा है। आप याद कीजिए, 10 साल पहले हालत क्या थे? इंडिविजुअल एफर्ट और इनोवेशन के लिए गुंजाइश ही नहीं थी। हमने उन परिस्थितियों को चैलेंज किया, हमने स्टार्टअप इंडिया लॉन्च किया और हमने युवाओं को खुला आसमान दिया और आज नतीजा हमारे सामने है।

#### स्टार्टअप उत्साहियों के लिए जगह कम पड़ने लगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज स्थिति यह है कि भारत मंडपम जैसे विशाल आधुनिक केंद्र में भी स्टार्टअप उत्साहियों के लिए जगह कम पड़ने लगी है। यह बदलाव केवल स्थान का नहीं, बल्कि भारत की नवाचार क्षमता और वैश्विक स्तर पर स्टार्टअप्स की स्वीकार्यता का प्रतीक है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे यंग इनोवेटर्स, जिन्होंने नए सपने देखने का साहस दिखाया, मैं उन सभी की बहुत-बहुत सराहना करता हूं।

#### ... तब इसे आर्थिक 'विनाश' के रूप में देखा जाता था

प्रधानमंत्री ने 10 साल पहले की एक घटना का उदाहरण साझा किया, जिसमें एक युवती ने कॉरपोरेट जगत की सुरक्षित नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू करने का फैसला लिया था। जब वह अपनी मां को यह जानकारी देने कोलकाता गई, तो उसकी मां की प्रतिक्रिया थी, सर्वनाश... तुम बर्बादी की राह पर क्यों जा रही हो!

#### आज देश की मुख्य धारा बन गया

आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। पीएम ने बताया जिस स्टार्टअप को कभी 'बर्बादी की राह' माना जाता था, आज वही देश के विकास की मुख्यधारा है। इसकी सफलता ने कई अवसर पैदा किए। 'नौकरी चाहने वाले' से 'नौकरी देने वाले' की संस्कृति विकसित की है।

#### सरकार नए भारत का भविष्य देख रही

प्रधानमंत्री मोदी ने वर्तमान स्टार्टअप इकोसिस्टम को 'विकसित भारत' के लक्ष्य से जोड़ते हुए कहा कि वह स्टार्टअप फाउंडर्स और इनोवेटर्स के इस समूह में नए भारत का उदय देख रहे हैं। उनका मानना है कि नेशनल स्टार्टअप डे केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि यह उन लोगों का उत्सव है जो अपनी नई सोच से भारत की तस्वीर बदल रहे हैं। भारत की स्टार्टअप यात्रा विज्ञान भवन के सीमित दायरे से शुरू होकर भारत मंडपम की वैश्विक भव्यता तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री के संबोधन साफ है कि सरकार इस क्षेत्र को नए भारत के भविष्य के रूप में देख रही है।

### मंत्री गोयल ने उद्यमियों को बताया

# देश में 2 लाख स्टार्टअप रजिस्टर्ड 21 लाख से ज्यादा रोजगार दिए



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

**स्टार्टअप इकोसिस्टम मजबूत बना**

देश में शुक्रवार को 'स्टार्टअप इंडिया' पहल को 10 साल पूरे हो चुके हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देश के प्रमुख स्टार्टअप उद्यमियों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आज भारत में करीब 2 लाख स्टार्टअप रजिस्टर्ड हैं। इन स्टार्टअप्स के जरिए अब तक 21 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल चुका है। स्टार्टअप इकोसिस्टम लगातार मजबूत हो रहा है और देश की आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा है। भारतीय स्टार्टअप 50 से ज्यादा काम कर रहे हैं। इनमें टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर, एग्रीटेक, ड्रोन टेक्नोलॉजी और डीप टेक जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

#### कर्नाटक-तमिलनाडु ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग केंद्र बन रहे

गोयल ने बताया कि देश के कुल स्टार्टअप्स में से करीब 50 प्रतिशत स्टार्टअप टियर-2 और टियर-3 शहरों से आ रहे हैं, जो इस बात का सबूत है कि उद्यमिता अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रही। उन्होंने कहा कि कर्नाटक और तमिलनाडु अब ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग के बड़े केंद्र बनकर उभर रहे हैं। गोयल ने कहा कि दुनिया के 100 से ज्यादा देश भारत के साथ स्टार्टअप सेक्टर में साझेदारी करना चाहते हैं। सरकार इस दिशा में योजना बना रही है कि इन देशों के साथ सहयोग को कैसे आगे बढ़ाया जाए, ताकि भारतीय स्टार्टअप्स को वैश्विक स्तर पर और ज्यादा अवसर मिल सकें।

#### उद्यमिता और आर्थिक प्रगति को मजबूती मिली

मंत्री गोयल ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि 'स्टार्टअप इंडिया' क्रांति को एक दशक पूरा हो गया है। यह एक साहसिक कदम था, जिसने भारत को बड़ा सोचने और उससे भी बड़ा करने की ताकत दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की इस दूरदर्शी पहल की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण देश में डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त 2 लाख से अधिक स्टार्टअप्स और उनके द्वारा पैदा किए गए 21 लाख से ज्यादा रोजगार हैं। गोयल ने कहा कि इस सफलता को यह तथ्य और खास बनाता है कि इससे टियर-2 और टियर-3 शहरों में उद्यमिता की भावना को नई ऊर्जा मिली है और युवाओं व महिलाओं को सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों की यह यात्रा निरंतरता, समावेशिता और विकास को दर्शाती है, साथ ही भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के उज्ज्वल भविष्य का भरोसा भी देती है।

### राहुल और विजय के बीच आज बैठक

## एक्टर विजय के साथ कांग्रेस के गठबंधन पर आज होगा फैसला

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



अप्रैल–मई में होने वाले 5 विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस आलाकमान ने बैठकों का सिलसिला शुरू कर दिया है। शनिवार शाम राहुल गांधी और खरगे तमिलनाडु कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ अहम बैठक करेंगे। उम्मीद है कि तमिलनाडु को लेकर कांग्रेस की भावी रणनीति को लेकर जारी सस्पेंस खत्म हो सकता है। तमिलनाडु में करीब दो दशक से कांग्रेस का डीएमके के साथ गठबंधन है, लेकिन अब प्रदेश कांग्रेस में कुछ नेता अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके के साथ गठबंधन करने की पैरवी कर रहे हैं।

### उत्तर प्रदेश के बदायूं में बवाल

## लोगों की अर्जी पर रोकी प्रभात फेरी, लाठीचार्ज में कई घायल

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्योर कासिमाबाद में शुक्रवार की भोर माघ माह में निकाली जा रही प्रभात फेरी को पुलिस ने विवादित रास्ता बताते हुए रोक दिया। जबकि यह प्रभात फेरी पिछले 50 वर्षों से इसी रास्ते से निकलते आ रही है। बात इतनी बढ़ गई कि हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। आरोप है कि लाठीचार्ज में कई ग्रामीण घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। कल दूसरे समुदाय के लोगों ने प्रभात फेरी को रोकने का प्रयास किया था।

### जस्टिस यशवंत वर्मा को बड़ा झटका

## महाभियोग मामले में संसदीय कमेटी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 'अर्जी' खारिज

**समिति की वैधता को लेकर दी थी चुनौती**

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा को बड़ा झटका दिया है। शीर्ष अदालत ने अधजली नकदी मामले में महाभियोग प्रस्ताव पर उनके खिलाफ आरोपों की जांच कर रहे संसदीय पैनल के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी है। उन्होंने लोकसभा स्पीकर द्वारा समिति की वैधता को चुनौती दी थी।



#### रखा था फैसला सुरक्षित

जस्टिस वर्मा ने समिति के गठन पर यह कहते हुए सवाल उठाया था कि उन्हें हटाने का प्रस्ताव राज्यसभा के उपसभापति ने खारिज कर दिया था। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एससी शर्मा की बेंच ने 8 जनवरी को फैसला सुरक्षित रखा था।

**जजेज इन्क्वायरी एक्ट के तहत जांच समिति**

16 दिसंबर को स्पीकर के उस कदम को चुनौती दी गई थी जिसमें उन्होंने जांच के लिए एक कमेटी बनाई थी। सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने जस्टिस वर्मा का प्रतिनिधित्व करते हुए कहा था कि यह गलत है।

### श्रीगंगा सभा ने रील्स बनाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी

# हर की पैड़ी पर गैर हिंदुओं का प्रवेश निषेध, रील्स भी नहीं बना सकेंगे लोग

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

हर की पैड़ी पर जगह-जगह बोर्ड लगा दिए गए हैं, जिसमें स्पष्ट लिख दिया गया कि अहिंदू का प्रवेश पूरी तरह निषेध है। इसके अलावा तीर्थस्थल की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए हरकी पैड़ी और मालवीय द्वीप क्षेत्र में ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित है। किसी भी प्रकार के फिल्मी गानों पर फिल्म और रील बनाना भी पूर्णतः वर्जित है। श्रीगंगा सभा ने इस प्रकार से रील्स आदि सोशल मीडिया पर वायरल करने पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी है। कुछ दिन पहले हरकी पैड़ी क्षेत्र में बनाया गया एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हंगामा हो गया था। वीडियो में दो युवक अरबी वेशभूषा में घाटों पर घूमते नजर आ रहे थे। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों ने नाराजगी जताई है। मामले का पुलिस ने संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की।

**जगह जगह लगा दिए गए बोर्ड**

**पुलिस ने संज्ञान लेकर जांच शुरू की**




**वीडियो पर उठे थे सवाल**

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दो युवक स्वयं को दुबई का निवासी बताते हुए हरकी पैड़ी क्षेत्र में घूमते दिखाई दे रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद तीर्थ पुरोहितों ने इसे हरिद्वार की धार्मिक मर्यादा से जुड़ा बताते हुए आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि इस तरह के वीडियो से धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं और इससे माहौल खराब हो सकता है।

#### व्यवस्था और मर्यादा को लेकर मंथन चल रहा

उल्लेखनीय है कि इन दिनों श्रीगंगा सभा की ओर से हरिद्वार के घाटों और प्रमुख धार्मिक स्थलों की व्यवस्था और मर्यादा को लेकर मंथन चल रहा है। श्रीगंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने बताया कि वीडियो की जानकारी पुलिस प्रशासन को दे दी गई है। माहौल बिगाड़ने के लिए इस तरह का काम किया जा रहा है। वहीं, सचिव उज्जवल पंडित ने कहा कि पूरे प्रकरण की सूचना चौकी पुलिस को दे दी गई है। शहर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। युवकों की पहचान की जा रही है।

### किसान नेता टिकैट का आरोप

## किसानों को बांटने में लगी सरकार, ईडी बन गई दारोगा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



माघ मेला में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के चल रहे राष्ट्रीय चिंतन शिविर में शुक्रवार को तमाम मुद्दे उठाए। संगठन राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैट समेत अन्य पदाधिकारियों ने मंथन किया। टिकैत ने केंद्र को घेरते हुए कहा कि किसानों के खेत में नुकसान नहीं है, बल्कि दिल्ली की कलम बेईमान है। जमीन महंगी है और फसल सस्ती। फसल का सही दाम नहीं मिलने से किसान जमीन बेचकर गुजारा करने को मजबूर हैं। एमएसपी के नाम पर सरकार सिर्फ सपोर्ट प्राइस दे रही है, बेनिफिट प्राइस नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को भी तोड़कर अलग-अलग बांट रही है। यही वजह है कि देश में पांच हजार से अधिक किसान संगठन खड़े हो गए हैं। यह भी एक साजिश है। यहां तो सिर्फ व्यापारियों की सरकार है, जिसे किसी का लिहाज नहीं है। किसान देश की राजधानी में धरना देते रहे, लेकिन सरकार ने उनकी एक नहीं सुनी। टिकैत ने यह भी आरोप लगाया कि ईडी तो सरकार के लिए दारोगा बन गई है।

# खरगापुर ग्राम में दो दिवसीय मेले में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य

**मेले और कथाएं उत्साह और आनंद का संचार करते हैं . अमरेंद्र भारद्वाज**

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज। ब्लॉक के अंतर्गत खरगापुर में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में वार्ड नंबर 19 से जिला पंचायत सदस्य और जिला पंचायत कार्यकारिणी सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज ने शिरकत की। उन्होंने सर्वप्रथम बाबा कमरिया दास बाबा गुरु का आशीर्वाद लिया।मेले के समापन अवसर पर भारद्वाज ने क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए समर्थकों से मुलाकात की। एक प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि ये कार्यक्रम लोगों को अपनी संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं से जोड़े रखते हैं और आध्यात्मिक शांति प्रदान करते हैं।मेले और धार्मिक आयोजन लोगों को एक साथ लाते हैं, जिससे आपसी भाईचारा और सामुदायिक एकता मजबूत होती है ये अवसर ग्रामीणों को एक-दूसरे से मिलने-जुलने, सुख-दुख साझा करने और सामाजिक संबंध मजबूत करने का मौका देते हैं।इस अवसर पर हरिकृष्ण भारद्वाज (गौरव), पूर्व डायरेक्टर सर्वेश तिवारी, ग्राम प्रधान विजय चौरसिया, इस्माइल नगर सोसाइटी के अध्यक्ष रामलाल रावत, ग्राम प्रधान दीपक सिंह, एडवोकेट दीपक मिश्रा, पत्रकार गंगा चरण भारद्वाज, पूर्व प्रधान द्वारिका प्रसाद रावत, बृजेश रावत (लाला), एडवोकेट, हरिओम पटेल, अमरेंद्र वर्मा, रवींद्र वर्मा, एडवोकेट विशाल भारद्वाज, मयंक द्विवेदी और मेला आयोजक सोनू मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अमरेंद्र भारद्वाज सहित समाज को का आयोजक सोनू मिश्रा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र में विकास कार्यों के चर्चा के विषय बने अमरेंद्र भारद्वाज ने जो कार्य करके दिखाया है आज तक किसी भी प्रतिनिधि ने नहीं किया

# मृत गोवंश से टकराई कार, कार पलटने से चालक घायल

अमन लेखनी समाचार


हादसे में क्षतिग्रस्त कार – फोटो

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के बंजारन खेड़ा के पास लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हरदोई से लखनऊ की ओर जा रही एक कार सड़क पर पड़े मृत गोवंश से टकराकर पलट गई, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा शुक्रवार शाम करीब सात बजे बंजारन खेड़ा स्थित अवध ढाबा पशु बाजार के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इससे कुछ देर पहले किसी अज्ञात वाहन ने गोवंश को टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। गोवंश का शव सड़क पर पड़ा रहने के कारण अंधेरे में यह दुर्घटना हो गई। लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र के मुंशी पुलिया, पटेल नगर निवासी अब्दुल मन्नान उस्मानी अपनी वैगनआर कार से लखनऊ जा रहे थे। अंधेरा होने के कारण सड़क पर पड़ा मृत गोवंश दिखाई नहीं दिया और कार उससे टकराकर पलट गई। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही रहीमाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सड़क पर पड़े मृत गोवंश को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि घायल युवक का उपचार कराया जा रहा है और हाईवे पर आवागमन सामान्य कर दिया गया है।

# खुले ट्रांसफार्मर से झुलसे बच्चे को मिला त्वरित उपचार, डॉ. राजेश्वर सिंह ने दिखाई संवेदनशील नेतृत्व की मिसाल

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। सार्वजनिक जीवन में सच्चा नेतृत्व केवल वक्तव्यों तक सीमित नहीं होता, बल्कि संकट की घड़ी में त्वरित निर्णय, मानवीय संवेदनशीलता और समन्वित कार्यवाही से उसकी पहचान होती है। सरोजिनी नगर क्षेत्र में घटित एक दुखद घटना के बाद विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा निभाई गई सक्रिय भूमिका इसी का उदाहरण है। दिनांक 11 जनवरी 2026 को सरोजिनी नगर के सैनिक विहार कॉलोनी, बिजनौर में खुले और असुरक्षित विद्युत ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से अर्पित गुप्ता (8 वर्ष), पुत्र श्री राकेश पाल, गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के तुरंत बाद बच्चे के उपचार को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उसे के.जी.एम.यू., लखनऊ में भर्ती कराया गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में अब तक लगभग 75,000 की चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा चुकी है। साथ ही उनकी टीम के सदस्यों द्वारा रक्तदान कर पीड़ित परिवार को चिकित्सकीय व नैतिक सहयोग भी प्रदान किया गया। पीड़ित परिवार के मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र का निवासी होने के कारण संवैधानिक मर्यादाओं का पालन करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने मोहनलालगंज के माननीय विधायक से विधायक निधि से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का औपचारिक अनुरोध किया है, ताकि बच्चे का उपचार निर्बाध रूप से जारी रह सके। घटना को प्रशासनिक जवाबदेही से जोड़ते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर शासन स्तर से समुचित सहायता एवं मुआवजा दिए जाने की मांग की है। वहीं ऊर्जा मंत्री को भेजे गए पत्र में एफआईआर दर्ज कराने, निष्पक्ष जांच, दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई, पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा देने तथा क्षेत्र में अन्य असुरक्षित ट्रांसफार्मरों की पहचान कर फेंसिंग व सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की गई है। इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़ी लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसके लिए सख्त मानकों का पालन आवश्यक है। यह घटनाक्रम एक बार फिर यह साबित करता है कि संवेदनशीलता, संवैधानिक दायित्व और प्रशासनिक दृढ़ता के समन्वय से ही पीड़ितों को न्याय, राहत और भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

# इंद्रिया शोरूम की दूसरी शाखा का हुआ शुभारंभ,

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ के कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी सेक्टर बी में शुक्रवार को आदित्य बिरला ज्वैलरी द्वारा इंद्रिया शोरूम की दूसरी शाखा का शुभारंभ किया गया। शोरूम का उद्घाटन इंद्रिया के हेड अमित धारव ने फीता काटकर किया जिसके पश्चात द्वीप प्रज्वलन कर शोरूम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान अमित धारव ने मीडिया से मुखातिब हो इस शोरूम की विशेषताओं के विषय में अवगत कराते हुए जानकारी दिया कि शानदार कारीगरी संग 28 हजार ज्वैलरी डिजाइनिंग इस शोरूम में अपने ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। साथ ही पुराने ज्वैलर शत प्रतिशत वापसी वर्तमान दरों में लेने की व्यवस्था की गई है। इस दूसरे स्टोर के साथ हम यूपी में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने और ज्वैलरी के प्रति उत्साही ग्राहकों के साथ संबंध को मजबूत करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

# मानक नगर रेलवे स्टेशन के पास से ई-रिक्शा चोरी



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मानक नगर थाना क्षेत्र में घूम रहे चोरों ने बीते पांच दिन पूर्व मानक नगर स्टेशन के पास खड़ा ई रिक्शा पार कर दिया और मौके से फरार हो गए। वही पुलिस ने पीड़ित ई रिक्शा मालिक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया बुलाखी अड्डा थाना बाजार खाला निवासी इब्राहिम मिराज पुत्र मिराज आलम के अनुसार उसका ई-रिक्शा संख्या यूपी 32 टी एन 2712 को उसका ड्राइवर आदर्श कुमार गौतम पुत्र रामपथ गौतम मेंहदीगंज थाना बाजार खाला निवासी बीते 9 जनवरी शुक्रवार को चलाने के लिये लेकर गया था। आरोप है कि उसी दिन उनका ड्राइवर आदर्श दोपहर करीब 1 बजे मानक नगर रेलवे स्टेशन के पास खडा करके दुकान से सामान लेने चला गया और वापस आकर देखा तो उसका उक्त ई-रिक्शा वहाँ मौजूद नही था। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने खोजबीन करने के बाद स्थानीय मानक नगर थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित ई रिक्शा मालिक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल चोरों की तलाश की जा रही है।?

# दहेज के लिए विवाहिता के साथ अमानवीय अत्याचार

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के एक गाँव में दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया जिसमें एक विवाहिता ने अपने पति सहित ससुराल पक्ष पर दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न मारपीट और जान से मारने की कोशिश जैसे गंभीर आरोप लगाए पीड़िता ने पुलिस से मामले में प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की पीड़िता के अनुसार उसका विवाह बीते पांच फरवरी 2022 को आशीष यादव उर्फ बब्लू, पुत्र श्रीकृष्ण यादव निवासी विकास नगर छोटा बरगदा रोड थाना तेजाजी नगर जिला इन्दौर के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से सम्पन्न हुआ था। विवाह के समय पीड़िता के मायके पक्ष द्वारा करीब 15 लाख रुपये से अधिक खर्च किए गए इसमें बरीक्षा में 2 लाख रुपये नकद तिलक में 3 लाख रुपये नकद गृहस्थी के सामान के रूप में 3 लाख रुपये साथ ही कीमती जेवरात कपड़े एक सोने की चेन और तीन सोने की अंगूठियाँ शामिल थीं। पीड़िता का आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद ही पति, सास मुन्नी देवी, ससुर श्रीकृष्ण यादव तथा ननद सुनीता और प्रियंका उर्फ पिंकी द्वारा कम दहेज का ताना देकर प्रताड़ित किया जाने लगा। ससुराल पक्ष द्वारा लगातार 5 लाख रुपये नकद और एक कार की अतिरिक्त मांग की जाती रही। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी और गंदी-गंदी गालियाँ दी जाती थीं।पीड़िता ने बताया कि पति द्वारा मामूली बातों पर बेल्ट और परदे की रॉड से बेरहमी से पीटा गया। कई बार उसे गंभीर चोटें आईं, लेकिन इलाज तक नहीं कराया गया। मायके वालों से बात करने पर भी रोक लगा दी गई थी। जब भी वह मायके जाती, वहां से लाया गया सारा सामान और रुपये सास व ननद द्वारा छीन लिए जाते थे। उसके सभी जेवरात पहले ही अपने कब्जे में रख लिए गए थे। पीड़िता का यह भी आरोप है कि पति ने दो बार गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की और धमकी दी कि उसके पास गुंडे हैं, जो दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे मरवा देंगे। इतना ही नहीं, पति द्वारा जबरन दबाव बनाकर पीड़िता से झूठी बातें स्वीकार करवाई गईं और उनकी रिकॉर्डिंग कर उसे ब्लैकमेल करने की कोशिश की गई। घटना बीते 22 अक्टूबर 2024 को जब पति सास-ससुर और ननदों ने मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट की और उसे मात्र पहने हुए कपड़ों में पिता के साथ घर से भगा दिया उसके सभी जेवरात कपड़े और अन्य सामान ससुराल पक्ष ने अपने पास रख लिए और अब भी लगातार धमकियां दी जा रही कि जब तक अतिरिक्त दहेज नहीं मिलेगा उसे साथ नहीं रखा जाएगा फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच किए जाने की बात कही जा रही है।

# भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट में एनजेएस लखनऊ की टीम ने मारी बाजी


अमन लेखनी समाचार

निगोहां।निगोहां क्षेत्र के टोल प्लाजा के समीप स्थित खेल मैदान में आयोजित आठवें भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन दर्शकों को जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। दिन का महामुकाबला एनजेएस क्रिकेट क्लब लखनऊ और विराट एकादश पूरहिया के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया।मैच की शुरूआत टॉस के साथ हुई, जिसमें एनजेएस क्रिकेट क्लब लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी विराट एकादश पूरहिया की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 102 रन का लक्ष्य खड़ा किया। टीम की ओर से हर्ष शुक्ला ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 58 रनों की शानदार पारी खेली और दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। अन्य बल्लेबाज अपेक्षित योगदान नहीं दे सके, जिससे टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने से चूक गई।लक्ष्य का पीछा करने उतरी एनजेएस क्रिकेट क्लब लखनऊ की टीम ने संयमित और आक्रामक बल्लेबाजी का मिश्रण दिखाते हुए मैच को अपने नाम कर लिया। टीम ने मात्र 6 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया और प्रतियोगिता में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की।

गेंदबाजी में एनजेएस टीम के आदित्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 ओवर में सिर्फ 8 रन देकर 3 विकेट चटकाए। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, टीम के कप्तान सत्यम राय ने अहम मौके पर लगातार तीन छक्के लगाकर दर्शकों में जोश भर दिया, जिसके लिए उन्हें गीता मोबाइल शॉप की ओर से 500 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया मैच के दौरान मैदान में बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बताया कि आने वाले मुकाबले और भी रोमांचक होंगे और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

# डिफेंस कॉरिडोर में आवंटित होगी 1000 एकड़ भूमि

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में राज्य सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत पाइपलाइन में मौजूद निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए लगभग 1000 एकड़ अतिरिक्त भूमि आवंटन की तैयारी की जा रही है। सरकार की स्पष्ट डिफेंस इंडस्ट्रियल नीति, तेज निर्णय प्रक्रिया और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते देश-विदेश की कंपनियां उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर में निवेश के लिए आगे आ रही हैं। उपलब्ध प्रस्तावों के अनुसार निवेश की इच्छुक कंपनियों को विभिन्न नोड्स में भूमि आवंटन प्रस्तावित है, जिनके माध्यम से करीब 3.5 हजार करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है।

उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत प्रस्तावित निवेश में झांसी नोड निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। यहां गुडलक एस्ट्रा की ओर से 247 एकड़ भूमि पर 1000 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। वहीं, रेडवुड जेस की ओर से 247 एकड़ भूमि पर 700 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। यही नहीं, सिटाडेल और गुरुत्वा जैसी कंपनियों द्वारा भी डिफेंस एंड एलाइड मैन्युफैक्चरिंग में भारी निवेश का प्रस्ताव है। झांसी में यह निवेश बुंदेलखंड को डिफेंस इंडस्ट्रियल क्लस्टर के रूप में विकसित करने के योगी सरकार के विजन को मजबूती देगा। अलीगढ़ फेज-2 नोड में स्पेसकेम, मराल और जी-1 ऑफशोर जैसी कंपनियों की ओर से केमिकल, ऑफशोर और डिफेंस सपोर्ट मैन्युफैक्चरिंग में निवेश प्रस्तावित है। चित्रकूट नोड में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की ओर से 209.95 एकड़ भूमि पर 672 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त, आईजी ड्रोन्स की ओर से ड्रोन टेक्नोलॉजी सेक्टर में 100 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव है। यह निवेश चित्रकूट को योगी सरकार के डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स और ड्रोन टेक्नोलॉजी हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम होगा। राजधानी लखनऊ स्थित डिफेंस नोड में भी नेक्सा मुंबई, इंद्रप्रस्थ और प्रोमोटेक जैसी कंपनियों की ओर से कम भूमि में उच्च तकनीक आधारित निवेश प्रस्तावित हैं। यह निवेश डिफेंस सप्लाई चेन, टेक्नोलॉजी और सपोर्ट सिस्टम को मजबूती प्रदान करेगा। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) को डिफेंस कॉरिडोर में इसके अतिरिक्त भी निवेश के कई और आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, जिनके लिए आवश्यक भूमि के आवंटन की प्रक्रिया विभिन्न चरणों में है। यूपीडा की ओर से स्पष्ट किया गया है कि उसके पास डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में संभावित निवेश के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए भूमि आवंटन की सभी आवश्यक प्रक्रियाओं और स्वीकृतियों का पालन किया जा रहा है। यह पहल रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान को भी मजबूती देगी।

# राष्ट्र निर्माण की वास्तविक शक्ति युवा वर्ग में निहित

## स्वामी विवेकानंद के विचारों के साथ राष्ट्रीय युवा सप्ताह का समापन

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** भारतीय शिक्षण मंडल (युवा गतिविधि) की ओर से स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे राष्ट्रीय युवा सप्ताह का शुक्रवार को समापन हो गया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित संगोष्ठी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता मेजर जनरल ए. के. चतुर्वेदी ने युवाओं को विश्व में परिवर्तन का प्रमुख वाहक बताते हुए कहा कि परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण की वास्तविक शक्ति युवा वर्ग में निहित है।

इस कार्यक्रम की वैचारिक दिशा एवं आयोजन की अध्यक्षता भारतीय शिक्षण मंडल, अवध प्रांत के प्रांत अध्यक्ष प्रो. कमल जायसवाल के मार्गदर्शन में की गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के शाश्वत भारतीय विचारों को शिक्षा प्रणाली में समाहित करके ही भारत एवं विश्व का वास्तविक पुनरुत्थान संभव है। कार्यक्रम की संरक्षक प्रभारी कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने कहा कि आज की युवतियां और महिलाएं अब अबला नहीं, बल्कि सबला बन चुकी हैं और समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम के आयोजक प्रो. सुमन मिश्रा ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण एवं राष्ट्रबोध को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत युवा गतिविधि प्रमुख अमित मिश्रा, विशेष रूप से प्रो. यू. वी. किरण, प्रो. संगीता सक्सेना, प्रो. मधुलिका, प्रो. प्रीति मिश्रा, प्रो. दीपा द्विवेदी, प्रो. शशिकांत, प्रो. शिखा, प्रो. इलंगावन, प्रो. नरेंद्र कुमार, डॉ. रमेशचंद्र नैलवाल, डॉ. लीना, डॉ. मोनिका शर्मा, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. नीलिमा जायसवाल, डॉ. सुदर्शन चक्रधारी, डॉ. अखिलेश सिंह, श्री शुभम कटारिया, श्री शरद मिश्रा सहित अनेक शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं में सोनाली राजक, प्रशस्ति त्रिपाठी, हिमांशु कुमार, आद्या श्रीवास्तव, दिव्यांशी बिंद्रा, अखिल राज, वैष्णवी मिश्रा, सविता मिश्रा, शिवांगी गुप्ता, आकांक्षा मिश्रा, वान्या मौर्य, तनु मिश्रा, श्रियंशी जायसवाल, रोशनी, कविता रानी, मुस्कान, आयुषी यादव, प्रवीन कुमार, प्रिया कन्नौजिया, दिया कुशवाहा, दिया रैतानी एवं आर्यन मिश्रा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए तथा अन्य सभी सहभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर उनके उत्साहवर्धन किया गया।

# महाराष्ट्र की जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में मना जश्न







**लखनऊ।** महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव में भाजपा गठबंधन ने शुक्रवार को बड़ी जीत हासिल की है। जिस पर भाजपा के प्रदेश कार्यालय में खुशी की लहर दौड़ गयी। बीएमसी चुनाव में मिली जीत को देखते हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं का उत्साह दोगुना हो गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय पर नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई। प्रदेश महामंत्री गोविन्द शुक्ला ने प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह को मिठाई खिलाकर बधाई दी। साथ ही अन्य कार्यकर्ताओं ने भी एक-दूसरे को मिठाई खिलाने के साथ-साथ ढोल नंगाड़ों पर झूमे। इसके बाद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यालय पर जमकर आतिशबाजी भी की। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर बधाई देते हुए लिखा कि महाराष्ट्र की जागरूक जनता ने एक बार फिर विकास, पारदर्शिता और मजबूत नेतृत्व पर अपना अटूट विश्वास जताया है। महाराष्ट्र नगर निकाय चुनाव में एनडीए को मिली ऐतिहासिक सफलता के लिए सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं एवं विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई। हमें पूर्ण विश्वास है कि एनडीए के जनप्रतिनिधि सेवा, समर्पण और सुशासन के संकल्प के साथ जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए महाराष्ट्र के शहरी विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

# बुलंदशहर में अज्ञात मतदाताओं के हटायें नाम : सपा

## सपा प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की उठायी मांग

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की हैं कि बुलंदशहर की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अधिकांश पोलिंग बूथों पर बड़ी संख्या में अज्ञात मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाताओं सूची में जोड़ दिये गये हैं। जिससे भवन स्वामी हैरान और परेशान हैं कि आखिर उनके मकान के पते पर दर्ज अज्ञात मतदाता कौन हैं और उनके मकान से उन्हें क्यों मतदाता बनाया गया है तथा बड़ी संख्या में डुप्लीकेट मतदाताओं की भरमार हो गयी है। मतदाता सूची को शुद्ध एवं दुरूस्त बनाने के लिए तुरंत जांच करवाकर अज्ञात मतदाताओं व डुप्लीकेट मतदाताओं को सूची से हटाया जाए जिससे विधान सभा सामान्य निर्वाचन- 2027 पारदर्शी, स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक सम्पन हो सके।

बुलंदशहर, 69 शिकारपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में ड्राफ्ट मतदाता सूची में पोलिंग बूथ संख्या-307 में क्रम संख्या-738 पर मकान नं. 123 के भवन स्वामी इरशाद खां का नाम दर्ज है, लेकिन इसी मकान नं. पर क्रम संख्या 737, 739, 740, 741 पर अज्ञात मतदाताओं के नाम दर्ज हो गए हैं। काफी तलाश के बावजूद अभी तक इन मतदाताओं का पता नहीं लगाया जा सका है। भवन स्वामी हैरान और परेशान है कि आखिर उनके मकान में ये अज्ञात मतदाता कौन है और उनके मकान में यह नाम क्यों जोड़ दिये गये हैं? 69-शिकारपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पोलिंग बूथ संख्या-307 में मकान नं. 111 में भवन स्वामी मोहम्मद रफाकत व परिवार के सदस्य का नाम क्रम संख्या- 654, 656, पर दर्ज है, लेकिन अज्ञात मतदाताओं का नाम क्रम संख्या-655, 657, 658, 659, 660, 661 पर आश्चर्यजनक ढंग से दर्ज हो गया है जो कि पूर्णतः गलत है। इसी पोलिंग बूथ के मकान नं. 132 पर भवन स्वामी के परिवार के अतिरिक्त अज्ञात मतदाताओं के नाम क्रम संख्या 788, 789, 792, 796, 797, 798,800, 801 पर गलत दर्ज हो गया है, मकान नं. 125 में अज्ञात मतदातओं का नाम क्रम संख्या-749, 751, 753, 755, 761 पर गलत दर्ज हो गया है। मकान नं. 119 में अज्ञात मतदाताओं का नाम क्रम संख्या- 716, 717, 718, 719, 720 पर गलत दर्ज हो गये हैं। इसी प्रकार मकान नं. 124 में अज्ञात मतदाता क्रम संख्या-744, 746,747 दर्ज है। मकान नं. 138 में अज्ञात मतदाता क्रम संख्या- 827, 228 में दर्ज है तथा मकान नं. 140 में अज्ञात मतदाता क्रम संख्या-837, 838 पर गलत ढंग से दर्ज हो गए हैं।

यह काफी गंभीर मामला है। 65-बुलंदशहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पोलिंग बूथ संख्या- 187 व 188 दोनों बूथों पर मतदाता शिवानी पुत्री फिरे सिंह वोटर आईडी कार्ड नं. एक्सआइके 2489052 व एक्सआइके 2681773 मयंक पुत्र वोटर कार्ड नम्बर एक्सआइके 2489011 व एक्सआइके 2682466 दर्ज है।

## संक्षेप

### पानी की टंकी की सफाई के चलते शनिवार को जलापूर्ति ठप रहेगी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के पश्चिमी छोर पर स्थित नई पानी की टंकी की सफाई होने के चलते कल (आज) शनिवार को जलापूर्ति ठप रहेगी। सफाई होने के बाद अगले दिन रविवार को जलापूर्ति शुरू की जाएगी। नगर पालिका के अवर अभियंता (जलकल) धीरेंद्र सोनी ने बताया कि नई पानी की टंकी के टैंक में काफी कचरा जमा हो गया था। जिसकी सफाई होना अति आवश्यक था। आज शुक्रवार को सुबह से सफाई का कार्य शुरू किया गया है। जो शनिवार शाम तक पूरा हो जाएगा। अगले दिन रविवार से जलापूर्ति की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

### गौ तस्करों से पुलिस की हुई मुठभेड़ तीन अज्ञात लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बीते 14 जनवरी की रात थाना असोहा क्षेत्र के कालूखेड़ा कस्बे में सूर्या ढाबा के पास गौ तस्करों से एसओजी व पुलिस की मुठभेड़ में स्कार्पियो व दो अन्य चार पहिया बरामद हुए थे जबकि बदमाश अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गए थे , सूत्रों की माने तो स्कार्पयो गाड़ी को तुरन्त स्थानीय पुलिस ने सीज कर दिया था ,जबकि एक नई बिना नम्बर के वैन्यू कार तथा सूमो को भी पुलिस थाने ले आई थी , वैन्यू गाड़ी तो कल बनने के लिये चली गई ,लोगो की माने तो वैन्यू व सूमो गाड़ी से ही एसओजी के जवान आये थे । वही थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि तीन अज्ञात लोगों पर आर्म्स एक्ट ,फायरिंग तथा अन्य गम्भीर धाराओं पर अभियोग पंजिकृत करते हुए बदमाशो की तलाश की जा रही है

### पति से विवाद के बाद पत्नी ने निगला जहरीला पदार्थ

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। घरेलू कलह के चलते विवाहिता ने घर में रखा जहरीला प्रदार्थ निगल लिया ।हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सफीपुर सीएचसी ले गए जहां डाक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।आसीवन थाना क्षेत्र के निराला नगर रसूलाबाद कस्बा निवासी सूरज पत्नी सलोनी (22) के साथ चकलवंशी गांव में किराए के मकान में रहता है ।शुक्रवार को किसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच कहा सुनी हो गई ।जिससे व्यथित पत्नी सलोनी ने घर में रखा जहरीला प्रदार्थ निगल लिया ।हालत बिगड़ने पर पति को जानकारी हुई तो उसने आनन फानन सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने गभीर स्थित देख इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## पहुंचा शक्ति कलश विधायक ने की पूजा अर्चना

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। जन्म शताब्दी समारोह पर ऋषि परम्परा का पराक्रमी अभियान के तहत बीस जनवरी से चौबीस जनवरी के मध्य होने वाली इक्यावन कुंडीय श्री राम गायत्री महायज्ञ का शक्ति कलश शुक्रवार को मियागंज से चल कर कार्यक्रम स्थल औरास पहुंचा औरास क्षेत्र के कस्बा औरास की नर्सरी पुलिया के समीप आरपी लान में बीस जनवरी से चौबीस जनवरी के मध्य संपन्न होने वाले इक्यावन कुंडीय श्री राम गायत्री महायज्ञ का शक्ति कलश यात्रा शुक्रवार को हरिद्वार से चलकर मियागंज पहुंची जहां पर क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर द्वारा शक्ति कलश का पूजन किया गया तत्पश्चात शक्ति कलश यात्रा का काफिला मियागंज चौराहे से होकर औरास कार्यक्रम स्थल के लिये प्रस्थान कर गया काफिले में सैकडो की संख्या में चार पहिया वाहन शामिल थे पं श्रीराम शर्मा आचार्य के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने के लिये मुकेश कुमार द्वारा बीते पच्चीस वर्षों से लगातार बड़े आयोजन किये जा रहे इसी क्रम में यह औरास का कार्यक्रम प्रस्तावित है मुकेश ने बताया कि पीड़ित मानवता के कल्याणार्थ और स्वस्थ्य शरीर स्वच्छ मन व बहकती युवा पीढ़ी को जगाने हेतु यह कार्यक्रम किया जा रहा है गुरूदेव का एक सूत्र है कि हम सुधरेंगे,युग सुधरेंगा इसी क्रम में यह आयोजन किया जा रहा है यज्ञ में यज्ञोपवीत, विवाह, मुंडन संस्कार, विद्यारंभ,पुसंवन सहित सभी संस्कार निशुल्क कराये जायेंगे इस अवसर पर आयोजक मंडल सहित सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## काली माता मंदिर के परिसर में खिचड़ी भोज का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र मे आज मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य मे क्षेत्र के कस्बा ऊगू मे लोगों ने हर्षोल्लास के साथ मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में खिचडी भोज का आयोजन कर कन्या भोज कराया ।प्रति वर्ष की भांति ऊगू के काली माता मंदिर पर खिचडी भोज का आयोजन हुआ जिसमें नगर तथा क्षेत्र के सैकड़ो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया ।काली माता मंदिर पर आयोजित खिचडी भोज में सार्वजनिक सहयोग से नगर वासियों लोगों को खिचड़ी खिलाई गई। जिसका आयोजन हर्ष शुक्ला पप्पू कस्यप सुशील कस्यप अंशू कस्यप विकास कस्यप सूरज विशाल तिवारी आदि ने किया।

## शारदा नहर ब्रांच पर बने पुल की रेलिंग क्षतिग्रस्त जान जोखिम में डालकर निकलते राहगीर

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र अन्तर्गत बिहार से गौरा होते हुए रायबरेली जाने वाले मार्ग पर शारदा नहर ब्रांच पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है वही एक तरफ की रेलिंग पूर्ण रूप से टूटी होने के कारण लगातार लोगो का जान का खतरा मंडरा रहा है इस शारदा नहर ब्रांच में बने पुल की एक तरफ की रेलिंग पूरी तरह से कई साल पूर्व क्षतिग्रस्त हो गई थी उक्त मार्ग से दर्जनों गांवो के बच्चों बुजुर्गों सहित स्कूली बसों साइकिल ,मोटरसाइकिल व अन्य साधनों का प्रतिदिन आना जाना रहता है। ग्रामीण ने कई बार शारदा नहर व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को नहर के पुल की मरम्मत कराए जाने की मांग की लेकिन आज तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है वही जिम्मेदार केवल अपनी बचाव के लिए पल्ला झाड़ते रहते हैं इस रास्ते से कैलाश खेड़ा, रामनाथ खेड़ा, दर्शन खेड़ा, नया खेड़ा दरियापुर ,पोखरी सहित रायबरेली जनपद के दर्जनों गांव के लोगों का आवागमन रहता है। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एच एन मिश्रा ने बताया प्रस्ताव बना भेजा गया है। स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य कराया जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मढ़ापुर रोड पर शुक्रवार शाम एक सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक मनोज पुत्र रामकुमार निवासी बरुवाघाट थाना फ-84 बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान मढापुर रोड पर पहुंचे ही थे कि अचानक एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और वाहन चालक मौके से फरार हो गया ।हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायल को सड़क किनारे से हटाकर एंबुलेंस के माध्यम से बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां मौजूद डॉक्टरों ने तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉक्टरों ने बताया कि युवक को कई स्थानों पर चोट आई हैं, स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।




सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी अस्पताल पहुंची और घायल से संबंधित जानकारी जुटाई। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर वाहन चालक को चिह्नित करने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की तैयारी शुरू कर दी है। हादसे के बाद से वहीं स्थानीय लोगों ने मढ़ापुर रोड पर तेज रफ्तार से चल रहे वाहनों पर लगाम लगाने और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## मानक को दरकिनार कर ठेकेदार द्वारा बनाया जा रहा हेल्थ यूनिट सेंटर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर मे लगभग 39लाख की लागत से ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भवन मानक को ताख में रख कर बनाया जा रहा है ।। ठेकेदार द्वारा मानकों की अनदेखी करते हुए दो सूत की सरिया का जाल बनाकर स्लेप डाल दी गयी हैं। ठेकेदार द्वारा खुलेआम मानकों को दरकिनार किया जा रहा हैं। स्लेप की जाल मे सरिया पतली होने से भवन के एक हिस्से का छज्जा बनते ही टूटकर गिर गया हैं ,उसके बाद भी ठेकेदार द्वारा निर्माण कराया जा रहा है ,वहीं ग्रामीणों चर्चा हैं की ठेकेदार खुलेआम मानकों को दर किनार करके भवन निर्माण करा रहा लेकिन विभागीय आधिकारी आँखें बंद किये हुए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होने के कारण प्रभारी चिक्तिसा अधिकारी तथा जिले से अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है ,उसके बाद भी मानक विहीन निर्माण कार्य चल रहा है ।इस सम्बंध में जब सीएचसी प्रभारी बीपी सिंह से लगातार सम्पर्क किया गया लेकिन उनका फोन न उठने के कारण सम्पर्क नही हो पाया ।

## एकदिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में फतेहपुर 84 ने फाइनल में शादीपुर को हराया



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। एकदिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता में फतेहपुर चौरासी ने शादीपुर को फाइनल में हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। गांव शादीपुर में बुधवार को एक दिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दस टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ शिव प्रताप सिंह और दिलीप सिंह ने किया। जिसके बाद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। चार टीम फतेहपुर चौरासी, जमरुद्दीनपुर, शादीपुर और गौरिया की टीम सेमीफाइनल में पहुंची। जिसके बाद फतेहपुर चौरासी ने जमरुद्दीनपुर को हराया और शादीपुर ने गौरिया को हराया। फतेहपुर चौरासी और शादीपुर के बीच में फाइनल हुआ। जिसमें फतेहपुर चौरासी की टीम ने शादीपुर को सीधे सेट में हरा दिया। इस मौके पर पत्रकार आयुष मिश्रा, संतकुमार त्रिवेदी, कान्हा, महेश, आकाश, अंश आदि लोग मौजूद रहें।

## मतदाता सूची में गड़बड़ी करने का बीएलओ पर लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गुलुहापुर ग्राम पंचायत ततियापुर में तैनात बीएलओ अमर सिंह यादव पर जातिवाद फैलाने और मतदाता सूची में गड़बड़ी करने का आरोप लगा है। बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष मंगल बौद्ध समेत करीब 50 ग्रामीणों ने शुक्रवार शाम एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता पप्पू अली ने बताया कि उन्होंने 6 दिसंबर को गांव के 57 फार्म बीएलओ अमर सिंह यादव को रिसीव कराए थे। ग्रामीणों का आरोप है कि बीएलओ यादव बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं और राजनीति करके कहते हैं कि जहां वे रहते हैं, वहां उनकी मंशा के अनुसार ही प्रधान बनता है। उन पर जातिवाद को बढ़ावा देने का आरोप भी है।

ग्रामीणों ने दावा किया कि बीएलओ ने 2021 की मतदाता सूची से अनीता पत्नी बाबूलाल, रामकली पत्नी मोहनलाल, देशराज पुत्र मोहनलाल, सरला पत्नी मूलचंद्र, राजकुमार पुत्र मोहनलाल, सोनेलाल पुत्र सरजू, सोमवती पत्नी सोनेलाल, अवधेश पुत्र सोनेलाल सहित 57 लोगों के नाम हटा दिए हैं। इसके अलावा, कुछ नए नामों को सूची में शामिल करने से भी इनकार कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

इस संबंध में बीएलओ अमर सिंह यादव ने बताया कि उन्होंने फॉर्म भेजे थे, लेकिन तहसील से उन्हें वापस कर दिया गया। हालांकि, जब उनसे 'जहां हम रहते हैं वहीं हमारे माफिक प्रधान बनता है' वाले बयान के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने चुप्पी साध ली। उन्होंने दैनिक भास्कर के पत्रकार को फोन पर बात करने के बजाय मिलने आकर बात करने को कहा।

पीड़ित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी और एसडीएम को भी प्रार्थना पत्र भेजकर जातिवाद फैलाने वाले बीएलओ अमर सिंह यादव के खिलाफ जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में एसडीएम बृजेंद्र मोहन शुक्ला से संपर्क करने का तीन बार प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## शीतकालीन अवकाश के बाद खुले विद्यालय, छात्रों की संख्या नाम मात्र

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। शीतकालीन अवकाश के बाद शुक्रवार से विद्यालय खुल गए किन्तु सरकारी और निजी दोनों ही स्कूलो में छात्रों की संख्या कम रहीं परिषदीय और निजी विद्यालयों में लगभग आधे ही विद्यार्थियों ने उपस्थिति दर्ज करायी छात्रों का शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया जिससे विद्यालयों में उत्सव जैसा माहौल बना रहा जिसे अभिभावकों ने काफी सराहो



बता दें परिषदीय विद्यालयों में उनतीस दिसंबर से पंद्रह जनवरी तक अवकाश होने के बाद आज फिर से विद्यालयों में अध्यापन कार्य प्रारंभ हो गयोहालांकि मौसम में हो रहे लगातार बदलाव से छात्र संख्या काफी कम ही रहीं

कंपोजिट स्कूल रनियाँमऊ के शिक्षक अमित तिवारी ने बताया गाँव के छात्रों के अभिभावकों को फोन करके स्कूल भेजने को कहा गया है,कईअभिभावक स्वयं बच्चों को स्कूल छोड़ने भी आऐ बीइओ अनीता साह ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित ना हो और कोर्स समय से पूरा हो इसके लिए शिक्षकों को निर्देशित किया गया है अमित तिवारी,संजीव संख्वार,ज्ञानेंद्र कुशवाहा, देवेन्द्र त्रिपाठी,संतोषी देवी,अनूप साहू, नीरज प्रजापति,कृपा शंकर,सुधीर कुशवाहा आदि ने विद्यालयों के सुचारू रूप से संचालित होने की बात कही

## दिव्यांगों को सहायक उपकरण किए गए वितरित



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खंड के उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय में विभिन्न ब्लॉकों के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 80 दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किये गए। सुमेरपुर के खण्ड मुख्यालय में आयोजित निःशुल्क उपकरण मापन एवं वितरण शिविर मेंसुमेरपुर, असोहा, हिलौली, सिकन्दरपुर,पुरवा,बीघापुर आदि ब्लॉकों के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत 80 दिव्यांगों को बैट्री रिक्शा,हियरिंग मशीन, ट्राय साइकिल,व्हीलचेयर ,कैलिपर आदि वितरित किये गए। वितरण के अवसर पर मौजूद खंड विकास अधिकारी पंकज गौतम ने कहा ऐसे उपकरण दिव्यांगों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा ने कहा कक्षा 1 से 8 तक के सभी दिव्यांग बच्चो को उपकरण दिलाना सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। इस मौके पर जिला समन्यव समे०शिक्षा शशि प्रभा श्रीवास्तव,विजय कुमार,विनोद द्विवेदी, अमरेंद्र वर्मा,इन्द्रसेन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## 10 फरवरी से शुरू होगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान, तैयारियों को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

अमन लेखनी समाचार




गंजमुरादाबाद, उन्नाव। फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के समूल नाश के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से कमर कस चुका है। इसी क्रम में आगामी 10 फरवरी से चलाए जाने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर गंजमुरादाबाद विकास खंड में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में अभियान की सफलता सुनिश्चित करने और शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए विस्तृत रणनीति बनाई गई।

?बैठक में बताया गया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है, लेकिन समय पर दवा का सेवन करने से इससे बचा जा सकता है। उन्होंने क्षेत्र के सभी एएनएम, आशा बहुओं और आंगनबाड़ी कार्यकताओं को निर्देशित किया कि वे घर-घर जाकर अपनी मौजूदगी में ही लोगों को दवा का सेवन कराएं। ?छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जाएगी। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार करने के साथ ही मुनादी और बैठकों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा ताकि कोई भी परिवार दवा से वंचित न रहे। ?बैठक में उपस्थित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने कहा कि फाइलेरिया के लक्षण संक्रमण के कई वर्षों बाद दिखाई देते हैं, जिसे (हाथीपांव, अंडकोष में सूजन, महिलाओं के स्तनों में सूजन) आदि भी कहा जाता है। एक बार यह बीमारी होने पर इसे पूरी तरह ठीक नहीं किया जा सकता, इसलिए बचाव ही एकमात्र उपाय है। प्रशासन ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे बिना किसी डर के स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें और दवा का सेवन जरूर करें। ?बैठक में खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र कुमार सहित सभी विभागों के संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इंटर लॉकिंग कार्य का क्षेत्रीय विधायक ने किया लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। प्राचीन भुवनेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में इंटरलॉकिंग कार्य का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक बंबालाल दिवाकर ने फीता काटकर किया जिसके बाद मंदिर में दर्शन और पूजन अर्चन कर जनकल्याण की कामना की इस मौके पर विधायक ने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कार्य है इंटरलॉकिंग लगने से श्रद्धालुओं को अब मंदिर परिसर में आवागमन में सुविधा होगी और बरसात के मौसम में कीचड़ की समस्या से निजात मिलेगी बताया जाता है कि भुवनेश्वर महादेव मंदिर का विशेष धार्मिक महत्व है मान्यता के अनुस ार शिवलिंग की स्थापना त्रेता युग में भगवान श्रीराम के अनुज भरत ने की थी जिसके चलते यहां दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण और मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए अन्य विकास कार्य कराए जाने की मांग भी रखी।

## मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हाइवे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा नवाबगंज स्थित बाबा ढाबा के पास सुबह करीब नौ बजे हुआ। बाइक सवार युवक सड़क किनारे खड़े खराब डंपर से टकराने के बाद पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कानपुर के ईदगाह कॉलोनी निवासी राम कुमार (26) पुत्र हरिश्चंद्र अपने साथी रंजीत (28) पुत्र राम मिलन के साथ बाइक से लखनऊ जा रहे थे। दोनों एक एडवरटाइजिंग कंपनी में कार्यरत थे और काम के सिलसिले में ट्रांसपोर्ट नगर जा रहे थे। बाबा ढाबा के पास सड़क किनारे बिना किसी चेतावनी संकेत के खड़े खराब डंपर से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिर पड़े और पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। इस दौरान राम कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गया ।सूचना पर एनएचएआई की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सीएचसी में चिकित्सक डॉ. शैलेंद्र अस्थाना ने राम कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि रंजीत की हालत गंभीर होने से उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सम्पादकीय

# डिलीवरी बॉयज की सुरक्षा को प्राथमिकता दें कंपनियां

इटर्नल के स्वामित्व वाली इकाई ब्लिंकिट ने पहले दावा किया था कि वह 10 मिनट में सामान पहुंचाएगी। अब कंपनी ने डिलीवरी कर्मियों के कल्याण से जुड़ी बढ़ती चिंताओं के बीच सभी मंच से अपना '10 मिनट में' डिलीवरी का दावा हटा लिया है। कंपनी ने अपनी टैग-लाइन को 10 मिनट में 10,000 से अधिक उत्पाद पहुंचेंगे से बदलकर अब 30,000 से अधिक उत्पाद आपके दरवाजे पर पहुंचेंगे कर दिया है। हालांकि यह फैसला कर्मचारियों की हड़ताल और केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद लिया गया है। सरकार डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित थी। चूंकि 10 मिनट में डिलीवरी से राइडर्स की सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा था। इतने कम समय में सामान डिलीवर करने के लिए उन्हें तेज रफ्तार से बाइक चलानी होती है। इससे सड़क हादसों के कारण उनकी जान को खतरा हो रहा था। इसके अलावा उपभोक्ता से मिले ओटीपी के बाद ही उनका सामान डिलीवर माना जाता है। समय पर डिलीवरी न होने से राइडर्स की रैंक प्रभावित होती है। उत्तर भारत में जारी भीषण सर्दी और कोहरे के बीच ब्लिंकिट के फैसले से हजारों डिलीवरी बॉयज को बड़ी राहत मिलेगी। बता दें कि इस समय भीषण ठंड के कारण लोग घरों से बाहर निकलना ठीक नहीं समझते। ऐसे में वे घर का सामान ऑनलाइन मंचों से अधिक मंगाते हैं। इसके कारण डिलीवरी बॉयज पर समय पर सामान पहुंचाने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इतना कम समय होने के कारण सुबह-शाम ऑफिस के समय और रात को गिग वर्कर्स को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ऐसे में कर्मचरियों पर भारी दबाव था, क्योंकि समय पर डिलीवरी नहीं होने से कर्मचरियों की परफॉर्मेंस प्रभावित होती थी। उन्हें अच्छी रैंक तभी मिलती थी, जब वे समय पर डिलीवरी कर उपभोक्ता के मोबाइल पर आने वाले ओटीपी को कंपनी के एप पर सेंड करते थे। ब्लिंकिट के बाद अब स्विगी और जेप्टो जैसे अन्य 'क्विक कॉमर्स' मंच भी इस कदम का अनुसरण कर सकते हैं। यह एक बड़ा बदलाव होगा, जो ऐसे कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करेगा। दस मिनट में डिलीवरी के वादे के कारण गिग वर्कर्स ने देशव्यापी हड़ताल की थी, जिसने कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और आय की ओर ध्यान आकर्षित किया। हाल में 'एक्स' पर इटर्नल ग्रुप के सीईओ दीपिंदर गोयल ने लिखा था कि 10 मिनट में डिलीवरी का वादा सामान पहुंचाने वालों पर दबाव नहीं डालता है और न ही असुरक्षित ड्राइविंग का कारण बनता है, क्योंकि उन्हें एप पर 10 मिनट का टाइमर नहीं दिखाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा था कि 10 मिनट में या उससे तेज डिलीवरी मुख्य रूप से स्टोर ग्राहकों के करीब होने के कारण होती है, न कि सड़क पर तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने के कारण। यह फैसला डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है, जो अक्सर अपनी जान जोखिम में डालकर डिलीवरी करते हैं। यह गिग वर्कर्स के अधिकारों को मजबूत करेगा, जो अक्सर अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। कुल मिलाकर, ब्लिंकिट का '10 मिनट में डिलीवरी' का दावा हटाने का फैसला एक महत्वपूर्ण कदम है, जो डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को प्राथमिकता देता है। इस फैसले से यह संदेश जाता है कि कंपनियों को अपने कर्मियों की सुरक्षा और अधिकारों को प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि सिर्फ मुनाफे को। यह फैसला अन्य कंपनियों के लिए भी एक उदाहरण हो सकता है, जो अपने कर्मियों की सुरक्षा और अधिकारों को नजरअंदाज कर रहे हैं।



पर्व

डॉ. बलवीर आचार्य

जब सूर्य की गति उत्तर की ओर होती है तब उत्तरायण (उत्तर+अयन) कहलाता है और जब सूर्य की गति दक्षिण की ओर होती है तब दक्षिणायन (दक्षिण+अयन) कहलाता है। भारतीय संस्कृति में उत्तरायण केवल खगोलीय घटना नहीं, अपितु आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है। इसीलिए उत्तरायण को देवयान मार्ग, उत्तम मार्ग, प्रकाश का मार्ग कहा गया है। ऋतु का आधार कहा गया है। देवताओं का दिन-रात भी सूर्य की गति से जोड़ा गया है। मकर संक्रान्ति महज पतंग उड़ाने या पकवान खाने का दिन नहीं है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि परिवर्तन सृष्टि का नियम है और जब हम प्रकृति के साथ लयबद्ध होते हैं तो हमारा जीवन आनन्द और आरोग्य से भर जाता है।

# उत्तरायण का मकर संक्रांति से प्रारम्भ

जितने काल में पृथ्वी सूर्य के चारों ओर परिक्रमा पूरी करती है, उसको एक 'सौर वर्ष' कहते हैं और कुछ लम्बी वर्तुलाकार जिस परिधि पर पृथ्वी परिभ्रमण करती है, उसको 'क्रान्तिवृत्त' कहते हैं। ज्योतिषियों द्वारा इस क्रान्तिवृत्त के 12 भाग कल्पित किए हुए हैं और उन 12 भागों के नाम उन-उन स्थानों पर आकाशस्थ नक्षत्र पुंजों से मिलकर बनी हुई कुछ मिलती-जुलती आकृति वाले पदार्थों के नाम पर रख लिए गए हैं। प्रत्येक भाग व आकृति 'राशि' कहलाती है। जब पृथ्वी एक राशि से दूसरी राशि में संक्रमण करती है तब उसको 'संक्रान्ति' कहते हैं। सूर्य सिद्धान्त (1.12) में कहा गया है- "राश्यन्तरं यदा सूर्यः संक्रान्तिरिति कथ्यते" लोक में उपचार से पृथ्वी के संक्रमण को सूर्य का संक्रमण कहने लगे हैं। छह मास तक सूर्य क्रान्तिवृत्त से उत्तर की ओर उदय होता रहता है और छह मास तक दक्षिण की ओर निकलता रहता है। सूर्य के उत्तर की ओर उदय की अवधि को 'उत्तरायण' और दक्षिण की ओर उदय की अवध को 'दक्षिणायन' कहते हैं। अयन का अर्थ होता है गति।

जब सूर्य की गति उत्तर की ओर होती है तब उत्तरायण (उत्तर+अयन) कहलाता है और जब सूर्य की गति दक्षिण की ओर होती है तब दक्षिणायन (दक्षिण+अयन) कहलाता है। उत्तरायण काल में सूर्य उत्तर की ओर से उदय होता हुआ दिखता है, उसमें दिन बढ़ता जाता है और रात्रि घटती जाती है। दक्षिणायन में सूर्योदय दक्षिण की ओर दृष्टिगोचर होता है। उसमें रात्रि बढ़ती जाती है और दिन घटता जाता है। सूर्य की मकर राशि की संक्रान्ति से उत्तरायण और कर्क राशि की संक्रान्ति से दक्षिणायन प्रारम्भ होता है। प्राचीन भारत में उत्तरायण और मकर संक्रान्ति एक ही दिन होते थे। अयन चलन के कारण वे धीरे-धीरे अलग हुए। सामान्यतः मकर संक्रान्ति को उत्तरायण का आरम्भ माना जाता है।

खगोल विज्ञान के अनुसार सूर्य का उत्तरायण वह बिन्दु है, जब सूर्य दक्षिणी गोलार्ध में अपनी अधिकतम स्थिति (मकर रेखा) से उत्तर दिशा की ओर लौटना प्रारम्भ करता है। यह घटना 21 या 22 दिसम्बर को घटित होती है। इसे शीत अयनान्त कहा जाता है। इसी दिन उत्तरी गोलार्ध में सबसे लम्बी रात होती है। यह घटना पृथ्वी के अक्षीय झुकाव (23.5°) तथा उसकी वार्षिक परिक्रमा का प्रत्यक्ष परिणाम है। इस दृष्टि से यही समय वास्तविक या खगोलीय उत्तरायण है। भारतीय पंचांग की निरयन पद्धति के अनुसार, जब सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करता है, तब मकर संक्रान्ति होती है। यह सामान्यतः 14 या 15 जनवरी को आती है। भारतीय ज्योतिष स्थिर नक्षत्रों को आधार मानता है। पृथ्वी की धुरी के धीमे झुकाव के कारण (अयन चलन), सूर्य का राशियों में प्रवेश क्रमशः आगे खिसकता रहता है। अयन चलन और दोनों तिथियों में अन्तर- पृथ्वी की धुरी में होने वाला अयन चलन लगभग 25,920 वर्षों में पूर्ण होता है। इसके कारण हर 72 वर्षों में लगभग 1 दिन का अन्तर पड़ता है। लगभग 1500–1700 वर्ष पूर्व मकर संक्रान्ति और शीतकालीन संक्रान्ति एक ही दिन पड़ते थे। वर्तमान में दोनों के बीच लगभग 23–24 दिनों का अन्तर है। इस परिवर्तन में लम्बा समय लगा है, परन्तु उत्तरायण का पर्व, मकर-संक्रान्ति के दिन ही मनाया जाता है। इससे सर्व साधारण की ज्योतिष-शास्त्र के प्रति अनभिज्ञता का कुछ



परिचय मिलता है। किन्तु शायद पर्व का महत्त्व बना रहे, यह मानकर मकर- संक्रान्ति के दिन ही पर्व मनाने की रीति चली आती हो। भारतीय संस्कृति में उत्तरायण केवल खगोलीय घटना नहीं, अपितु आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है। इसीलिए उत्तरायण को देवयान मार्ग, उत्तम मार्ग, प्रकाश का मार्ग कहा गया है। ऋतु का आधार कहा गया है। देवताओं का दिन-रात भी सूर्य की गति से जोड़ा गया है। यजुर्वेद और तैत्तिरीय संहिता में सूर्य के उत्तरायण और दक्षिणायन को ऋतुओं के क्रम से जोड़ा गया है। छान्दोग्य और बृहदारण्यक उपनिषदों में उत्तरायण को- देवयान, ज्ञानमार्ग, प्रकाशमार्ग के रूप में वर्णित किया गया है। यहां सूर्य की गति को आत्मा की गति का रूपक बनाया गया है। गीता में भी उत्तरायण को देवयान मार्ग कहा गया है, जहां प्रकाश की दिशा में जाने वाले योगी मोक्ष को प्राप्त करते हैं।

यह दर्शाता है कि उत्तरायण को- शुभ, उन्नत, और आध्यात्मिक रूप से अनुकूल समय माना जाता था। कृषि-चक्र में यह रबी फसलों की परिपक्वता का समय है। उत्तर भारत में यह संकरात, खिचड़ी, दक्षिण में पोंगल, गुजरात में उत्तरायण, पंजाब में लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व सूर्य-ऊर्जा के पुनरुत्थान का प्रतीक है। यह समय आत्म-साक्षात्कार, ध्यान और संकल्प सिद्धि के लिए सर्वोत्तम माना गया है। मकर संक्रान्ति के पर्व पर दान, स्नान और जप करने का बहुत महत्व है-"मकर संक्रांतौ दानस्नानजपैः सहस्रगुणं फलम्"। इस दिन खिचड़ी, तिल, कम्बल और अन्न का दान किया जाता है। दान का अर्थ केवल वस्तु देना नहीं, बल्कि अपने भीतर के अहंकार का त्याग करना है। मकर संक्रान्ति के पर्व पर तिल और गुड़ का सेवन करने का भी महत्त्व है। सर्दियों के मौसम में तिल और गुड़ का मेल न केवल स्वादिष्ट होता है, अपितु यह आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों की दृष्टि से एक सर्वोत्तम भोजन है। इनके सेवन से होने वाले प्रमुख लाभ और उनके पीछे के वैज्ञानिक कारण भी बताए गए हैं। हड्डियों की मजबूती, तिल कैल्शियम का खजाना है और गुड़ इसमें मैग्नीशियम प्रदान करता है। तिल में दूध से भी ज्यादा कैल्शियम होता है। हड्डियों के घनत्व को बनाए रखने के लिए कैल्शियम और फास्फोरस की आवश्यकता होती है, जो इन दोनों के मिश्रण में प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। यह ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाने में मदद करता है। गुड़ आयरन का प्राकृतिक स्रोत है, जबकि तिल में कॉपर और आयरन दोनों होते हैं। गुड़ शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाता है।

तिल में मौजूद कॉपर आयरन के अवशोषण में मदद करता है, जिससे शरीर में नया खून बनता है और थकान या कमजोरी दूर होती है। इन दोनों की प्रकृति गर्म होती है, जो शरीर को आन्तरिक गर्माहट देती है। तिल में मौजूद जिंक और सेलेनियम जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं। गुड़ शरीर के श्वसन तन्त्र को साफ करने में मदद करता है, जिससे सर्दी-खांसी और संक्रमण का खतरा कम हो जाता है। गुड़ पाचन एंजाइमों को सक्रिय करता है, जिससे कब्ज की समस्या दूर होती है। तिल में मौजूद फाइबर आंतों की सफाई करने में सहायक होते हैं। तिल में 'सेसमिन' और 'सेसमोलिन' नामक तत्व पाए जाते हैं।

ये तत्व शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड प्रेशर को नियन्त्रित करने में मदद करते हैं। मकर संक्रान्ति महज पतंग उड़ाने या पकवान खाने का दिन नहीं है। यह सूर्य की भान्ति तेजस्वी बनने और गुड़ के समान मधुर वाणी बोलने का संकल्प है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि परिवर्तन सृष्टि का नियम है और जब हम प्रकृति के साथ लयबद्ध होते हैं तो हमारा जीवन आनन्द और आरोग्य से भर जाता है।

दीपस्तंभ

मुरारी गुप्ता



# भारतीय दर्शन से ही विश्व कल्याण संभव

विश्व के हर कोने में आज अशांति का वातावरण बना हुआ है। कई देश आपस में युद्ध में उलझे हुए हैं। कथित शक्तिशाली देश दूसरे कमजोर मुल्कों पर उनके संसाधनों के लालच में बलात कब्जा करने की मंशा पाले हुए हैं। अमेरिका और वेनेजुएला का प्रकरण पूरे विश्व के सामने है। दुर्भाग्य से पूरा विश्व, संयुक्त राष्ट्र संघ और तमाम बड़े अंतरराष्ट्रीय संगठन इस पर चुप हैं। ईरान में वहां की जनता 1979 की तथाकथित इस्लामिक क्रांति के विरुद्ध बिगुल बजाए हुए है और अपनी मूल पहचान पर गर्व कर रही है। सोशल मीडिया पर ईरानी महिलाएं अपनी पहचान को खुल कर स्वीकार कर रही हैं। उधर, बांग्लादेश में वहां का अल्पसंख्यक हिंदू समूह राजनीतिक संरक्षण प्राप्त चरमपंथियों का शिकार बन रहा है। तथाकथित अमन और शांति के पैरोकार इस वक्त खामोश हैं। पश्चिम की कथित लिबरल नीतियों ने संयुक्त अरब अमीरात के शासकों को भी भयभीत कर रखा है। वे अपने छात्रों को ब्रिटेन और यूरोप के विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए भेजने से डरने लगे हैं कि कहीं उनके छात्र यूरोप के विश्वविद्यालयों में लिबरल नीतियों के कारण संरक्षण पा रही जेहादी मानसिकता के शिकार नहीं हो जाएं। आज की वैश्विक परिस्थितियां यह प्रश्न खड़ा करती हैं कि क्या केवल राजनीतिक क्रांतियां, सत्ता परिवर्तन या वैचारिक कट्टरता मानव समाज को स्थायी शांति और समानता की ओर ले जा सकती हैं। ईरान में इस्लामी शासन के विरुद्ध उठती आवाजें, महिलाओं के समान अधिकारों की मांग, धार्मिक कट्टरता के विरुद्ध असंतोष और सामाजिक स्वतंत्रता की आकांक्षा इस बात का प्रमाण हैं कि जब कोई विचारधारा मानव स्वभाव, विविधता और गरिमा के विपरीत जाती है, तो अंततः उसके विरुद्ध प्रतिक्रिया जन्म लेती है। ईरान की वर्तमान स्थिति केवल राजनीतिक असंतोष का परिणाम नहीं है, बल्कि यह एक गहरी सामाजिक और सांस्कृतिक बेचैनी को भी दर्शाती है। कट्टर धार्मिक व्याख्याओं के कारण व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अंकुश, महिलाओं के अधिकारों पर प्रतिबंध, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन और आधुनिक जीवन मूल्यों के साथ टकराव, इन सबने समाज में असंतोष को जन्म दिया है। महिलाएं केवल वस्त्रों या बाहरी आचरण के प्रश्न पर नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व, सम्मान और समान अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही हैं। यह संघर्ष इस बात को रेखांकित करता है कि कोई भी व्यवस्था, जो समानता और मानवीय गरिमा को नकारती है, लंबे समय तक स्थिर नहीं रह सकती। भारत का सनातन दर्शन मूलतः "अहं ब्रह्मास्मि" और "तत्वमसि" जैसे सूत्रों के माध्यम से प्रत्येक जीव में एक ही चेतना को देखता है। यहां स्त्री और पुरुष के बीच मौलिक स्तर पर कोई भेद नहीं, बल्कि दोनों को सृजन के पूरक रूप में स्वीकार किया गया है। वैदिक काल से लेकर उपनिषदों तक गार्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा जैसी विदुषी स्त्रियां इस बात का प्रमाण हैं कि ज्ञान, संवाद और आध्यात्मिक विमर्श में स्त्रियों की भूमिका केंद्रीय रही है। इसके विपरीत जब किसी धर्म या विचारधारा की संकीर्ण व्याख्या स्त्री को द्वितीय श्रेणी में धकेल देती है, तो वह समाज को भीतर से कमजोर करती है। ईरान में चल रहा संघर्ष इसी असंतुलन का परिणाम है। कट्टरता मानव का मूल स्वभाव नहीं है। मानव का मूल स्वभाव सबका साथ और सबका विश्वास और सबका कल्याण है। आज पूरा यूरोप आतंकवाद से पीड़ित है। धार्मिक उग्रवाद और वैचारिक कट्टरता ने वहां की सामाजिक संरचना, सुरक्षा और सांस्कृतिक संतुलन को चुनौती दी है। दूसरी ओर अमेरिका की विदेश नीति पर अक्सर यह आरोप लगता रहा है कि वह दूसरे देशों पर प्रभुत्व या नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास करता है, जिससे वैश्विक असंतुलन और संघर्ष बढ़ते हैं। इसके विपरीत भारत का इतिहास देखें तो भारत ने कभी भी विस्तारवादी आक्रमण की नीति नहीं अपनाई। योग, आयुर्वेद, बौद्ध दर्शन, उपनिषद, भगवद्गीता और संत परंपरा के माध्यम से भारत का दर्शन पूरे विश्व में फैला है। आज जब विश्व वैचारिक ध्रुवीकरण और संघर्ष के दौर से गुजर रहा है, तब भारत का सनातन दर्शन एक दीपस्तंभ की तरह मार्गदर्शन करता है।

## छोटे- छोटे संकल्प आत्मविश्वास बढ़ाते हैं



संकलित

दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का, बल्कि अंतर है तो केवल दृढ़ संकल्प का और यही निर्णायक सिद्ध होता है।

## भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए




संकलित

प्रेरणा

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बेटियों की लोहड़ी भी जरूर मनाएं

भारत का प्रसिद्ध त्योहार लोहड़ी हमें बुराई और अनैतिक कामों की राह पर न जाने का संदेश देता है। लोहड़ी से जुड़ी एक कहानी यह भी है कि मुगल शासक अकबर के शासनकाल में पंजाब में दुल्ला भट्टी नाम का एक युवक था। इन्होंने लड़कियों की सुरक्षा के लिए काम किया था। पाकिस्तान में स्थित संदलबार क्षेत्र में लड़कियों की खरीद-फरोख्त उस वक्त होती थी। दुल्ला भट्टी ने इस घटिया कारोबार का भांडा फोड़ा था और लड़कियों की रक्षा की थी। दुल्ला भट्टी के इस महान काम के कारण इसे नायक की उपाधि भी दी गई। इसलिए लोहड़ी के दिन दुल्ला भट्टी को याद किया जाता है। बहरहाल, आज जरूरत इस बात की है कि संकीर्ण सोच छोड़कर बालिकाओं का सम्मान किया जाए।

*- सुरेश ठाकुर, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में दुर्लभ हिमालयी गिद्ध को बचाया गया

सिंगापुर में एक राजमार्ग से 'जल्द ही संकटग्रस्त होने वाली' श्रेणी में शामिल एक दुर्लभ हिमालयी गिद्ध को बचाया गया है और उसे छोड़ने से पहले स्वस्थ अवस्था में लाया जा रहा है। यहां एक पशु कल्याण समूह ने यह जानकारी दी। एनिमल कंसर्न्स रिसर्च एंड एजुकेशन सोसाइटी (एसीआरईसी) ने 11 जनवरी को परेशान हालत में दिखे प्रवासी पक्षी को बचाया था। समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कलई वनन बालकृष्णन ने यह जानकारी दी। फिलहाल एसीआरईसी की पशु चिकित्सा टीम गिद्ध की देखभाल कर रही है। टीम ने गिद्ध के पूरी तरह स्वस्थ होने और फिर उसे जंगल में छोड़े जाने की उम्मीद जताई है।



## ऑफ बीट

# बढ़ापे में दिमाग दुरुस्त रखने में जैविक घड़ी की अहम भूमिका

मानव शरीर में मौजूद 24 घंटे की जैविक घड़ी चुपचाप यह समन्वय करती है कि हम कब सोते हैं, जागते हैं, खाते हैं और आराम करते हैं। यह आंतरिक समय प्रबंधन प्रणाली अंगों और हार्मोन को तालमेल बैठाकर काम करने में मदद करती है। हालांकि, जब जैविक घड़ी अव्यवस्थित हो जाती है, तो इसके प्रभाव खराब गुणवत्ता वाली नींद से कहीं अधिक व्यापक हो सकते हैं और ढलती उम्र में दिमागी सेहत में गिरावट का कारण भी बन सकते हैं। बुजुर्गों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों की जैविक घड़ी अधिक व्यवस्थित होती है, उनके डिमेंशिया की चपेट में आने का जोखिम लगभग 50 फीसदी तक घट जाता है।



## ट्रेंड

### इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ा



2025 में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जिससे रोजगार सृजित हुए और विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ा। 2026 में भी यह गति जारी रहेगी क्योंकि चार सेमीकंडक्टर संयंत्र व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर देंगे।

- अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय सूचना मंत्री

### सीएसपीओसी की मेजबानी



समृद्ध संसदीय लोकतंत्र का गौरवशाली प्रतीक भारत, 14 से 16 जनवरी 2026 तक राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) की मेजबानी करने जा रहा है।

- ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष

### ड्रेनेज व्यवस्था विकसित



दिल्ली में जलभराव की दशकों पुरानी समस्या को लेकर दिल्ली सरकार का काम सिर्फ बरसात के दिनों तक सीमित नहीं है। सालभर, लगातार और सिस्टम के साथ एक मजबूत ड्रेनेज व्यवस्था विकसित की जा रही है। इसी दिशा में 4 बड़े ट्रंक ड्रेनों का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### बजट पूर्व चर्चा



नारी शक्ति ही प्रदेश की प्रगति का आधार है। हमारी सरकार इसी विजन को विकास की धुरी बना रही है। इसी विजन को लेकर आज मुख्यमंत्री कार्यालय में आगामी बजट के संदर्भ में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिला प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा की।

- भजनलाल, सीएम, राजस्थान

## संक्षेप

### किसान कल्याण केंद्र पर लटका ताला

**प्रभारी बोले– डेटा मिलान के लिए गए थे जिला कार्यालय, किसान परेशान**

अमेठी , भेटुआ में किसान कल्याण केंद्र बुधवार दोपहर एक बजे बंद मिला। केंद्र पर ताला लटका होने से क्षेत्र के किसान परेशान दिखे। यह केंद्र किसानों की सुविधा के लिए स्थापित किया गया है। बुधवार को कोई आधिकारिक छुट्टी या आपात स्थिति नहीं थी, जिसके कारण केंद्र को बंद किया जाता। केंद्र बंद होने का कोई कारण बताने वाला बोर्ड भी नहीं लगा था। उत्तर प्रदेश में सभी सरकारी कार्यालयों के लिए कार्यालय समय और कर्मचारियों की उपस्थिति के सख्त नियम हैं। सामान्यतः कार्यालय सुबह 9:30-10 बजे से शाम 5-6 बजे तक खुले रहते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कई बार निर्देश दिए हैं कि कम से कम 50% स्टाफ हमेशा मौजूद रहे और कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित हों, अन्यथा विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उउर और उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 के अनुसार, बिना सूचना या अनुमति के गैरमौजूद रहना और कार्यालय बंद करना अनुशासनहीनता माना जाता है। इस स्थिति पर जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार यादव से भी प्रतिक्रिया ली गई। डॉ. यादव ने इसे सामान्य स्थिति बताया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी हमेशा कार्यालय में नहीं रह सकते, उन्हें सर्वे के लिए क्षेत्र में रहना होता है। उन्होंने प्रभारी नागेंद्र वर्मा के डेटा मिलान के लिए गौरीगंज जाने को केंद्र बंद होने का कारण बताया।

### राजकुमारी शांभवी नेत्र शिविर के मरीजों से मिलीं

**अमेठी में मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद जाना हाल**

अमेठी , राजकुमारी शांभवी सिंह ने अमेठी के आई हॉस्पिटल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने वाले मरीजों से मुलाकात की। ये मरीज सती महारानी जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा ग्राम उमापुर गाना पट्टी में आयोजित नेत्र जांच शिविर के बाद यहां भेजे गए थे। अस्पताल पहुंचने पर शाम्भवी सिंह ने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत की। उन्होंने मरीजों के स्वास्थ्य का हालचाल जाना। कई बुजुर्ग मरीजों ने बताया कि ऑपरेशन के बाद उन्हें वर्षों बाद स्पष्ट दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर शाम्भवी सिंह ने कहा कि जनसेवा उनके लिए जीवन का संकल्प है। उन्होंने जोर दिया कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने आश्वासन दिया कि गरीब, असहाय और बुजुर्गों के इलाज में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगी। शांभवी सिंह ने चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी मेहनत से सैकड़ों परिवारों में खुशहाली लौटी है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में अमेठी विधानसभा क्षेत्र में बड़े स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि कोई भी जरूरतमंद इलाज से वंचित न रहे।

इस दौरान अस्पताल प्रशासन, स्वास्थ्यकर्मी, मरीजों के परिजन और ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एसडीएम नानपारा ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

## बीएलओ व मतदाता के बीच सेतु की भूमिका का निर्वहन करे बीएलए

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-283 नानपारा से संचालित विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण अभियान अन्तर्गत संचालित गतिविधियों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में विशेष अभियान तिथियों 17, 18 व 31 जनवरी तथा 01 फरवरी 2026 को बीएलए की उपस्थिति सुनिश्चित कराए जाने की अपेक्षा की ताकि अधिक से अधिक मतदाताओं को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस बार आलेख्य मतदाता सूची के साथ साथ बीएलओ एएसडी सूची भी पढ़ेंगे। श्रीमती जौहरी ने राजनैतिक दलों से अपेक्षा की कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में बूथ लेबिल एजेन्ट प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के लिए जागरूक करें ताकि नो मैपिंग व अनकलेक्टिव मतदाताओं तक बूथ लेकिल अधिकारियों की पहुंच आसान हो सके। उन्होंने कहा कि बीएलओ व मतदाता के बीच बीएलए द्वारा सेतु की भूमिका निर्वहन करने से शत-प्रतिशत मतदाताओं का प्रपत्र भरवाने में आसानी होगी। एसडीएम ने राजनैतिक दलों से कहा कि जिन बूथों पर बीएलए नियुक्त नहीं है वहां पर भी बीएलए को नामित करते हुए उन्हें शत-प्रतिशत मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा कराने हेतु बीएलओ को सक्रिय सहयोग देने हेतु निर्देशित कर दिया जाय। उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि आप लोग भी मतदाताओं को इस बात के लिए प्रेरित करें कि विशेष कैंप में आकर अपना नाम मतदाता सूची में जरूर देख ले और अगर आपका नाम किसी कारणवश मततदाता सूची में नहीं प्रदर्शित हो रहा है तो फॉर्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते है। बैठक के माध्यम से श्रीमती जौहरी ने सभी नगर व ग्रामवासियों से अपील की कि स्वयं तथा अपने परिवार के गणना प्रपत्र भर कर बीएलओ को उपलब्ध कराने के साथ-साथ मतदाताओं विशेषकर नो मैपिंग व अनकलेक्टिव मतदाता तक पहुंचने में बीएलओ को सहयोग कर इस राष्ट्रीय अभियान में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि सभी बूथों पर बीएलओ को तैनात किया गया है। ऐसे कहा कि यदि किसी मतदाता द्वारा अभी तक गणना प्रपत्र बीएलओ को नहीं दिया गया है, अथवा उन्हें प्रपत्र नहीं प्राप्त हुआ है या गुम हो गया है तो ऐसे मतदाता अपने बीएलओ एवं तहसील में संपर्क करके फॉर्म जमा कर सकते है।

इस अवसर पर भाजपा से आशीष पाण्डेय व समाजवादी पार्टी से अयोध्या प्रसाद सोनी, कांग्रेस से डॉ ए एम सिद्दीकी, बसपा से देशराज सोनकर, तहसीलदार नानपारा, खंड विकास अधिकारी नवाबगंज व शिवपुर, खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

# 17, 18 व 31 जनवरी तथा 01 फरवरी को मतदेय स्थलों पर आयोजित होंगे शिविर

## नागरिकों से प्राप्त किये जायेंगे प्रारूप 6, 7 व 8

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा

बहराइच। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत आयोग द्वारा 17, 18 व 31 जनवरी तथा 01 फरवरी 2026 विशेष अभियान तिथियां घोषित की गई है। विशेष अभियान तिथियों में जनपद के नागरिक अपने नजदीकी मतदेय स्थल पर जाकर 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची का अवलोकन कर लें यदि किसी नागरिक का नाम आलेख्य मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है अथवा किसी मतदाता का नाम किसी कारण से आलेख्य मतदाता सूची में सम्मिलित होने से रह गया है, पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्रों) पर पदाभिहित अधिकारी/बी.एल.ओ., तहसील कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय से फार्म प्राप्त कर फार्म भरकर घोषणा पत्र के साथ बी.एल.ओ. को प्राप्त करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त आयोग की वेबसाईट वोटर्स डाट इसीआई डाट जीओवी डाट इन एवं ईसीआईएनईटी मोबइल ऐप के माध्यम से भी फार्म-6, 7 व 8 घोषणा पत्र सहित आनलाइन सबमिट किया जा सकता है।

श्री कुमार ने बताया कि जनपद के ऐसे नागरिक जो 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हो गये हैं वह भी विशेष अभियान तिथियों 17, 18 व 31 जनवरी तथा 01 फरवरी 2026 को मतदेय स्थलों पर जाकर फार्म-06 में घोषणा पत्र के साथ आवेदन कर संबंधित बी.एल.ओ. को उपलब्ध करा सकते हैं।

इसके अलावा मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु आयोग की वेबसाईट वोटर्स डाट ईसीआई डाट जीओवी डाट इन एवं ईसीआईएनईटी मोबइल ऐप के माध्यम से ऑनलाईन फार्म-06 के माध्यम से आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपेक्षा की है कि विशेष अभियान तिथियों का भरपूर लाभ उठायें।

# कैसरगंज बहराइच की पहचान बने कर्मवीर ईश्वरदीन

**45 वर्षों से अखबार वितरण की मिसाली खिदमत, एक दिन भी नहीं छोड़ी ड्यूटी**

**कैसरगंज के ग्राम गुत्थियां के रहने वाले हैं पेपर हॉकर ईश्वरदीन**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज बहराइच क्षेत्र में अगर ईमानदारी, सब्र और निरंतर सेवा की कोई ज़िंदा मिसाल है, तो वह हैं कर्मवीर पेपर हॉकर ईश्वरदीन। सन 1983 से लेकर आज तक, बीते पैंतालिस वर्षों से वे लगातार अखबार वितरण की खिदमत अंजाम दे रहे हैं। इतने लंबे अरसे में ज़िंदगी ने कई करवटें बदलीं, हालात बदले, प्राकृतिक आपदाएँ आईं, सामाजिक और आर्थिक संकट भी आए, मगर ईश्वरदीन ने कभी अपने फर्ज.से मुँह नहीं मोड़ा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, चाहे कड़ाके की ठंड हो या झुलसाती गर्मी, तेज बरसात हो या हालात की सख़्ती–ईश्वरदीन हर सुबह तय वक्त पर अखबार लेकर हाज़िर रहे। हैरत की बात यह है कि इतने वर्षों की सेवा में उन्होंने एक भी दिन पेपर बाँटने का नागा नहीं किया, जो अपने आप में असाधारण उपलब्धि है।

ईश्वरदीन सिर्फ.एक पेपर हॉकर नहीं, बल्कि लोगों की सुबह की आदत और भरोसे का नाम बन चुके हैं। कई पीढ़ियाँ उनकी नियमितता की गवाह हैं। बुजुर्गों से लेकर नौजवानों तक, हर कोई उनकी मेहनत, सादगी और ईमानदारी का कायल है। क्षेत्र के नागरिक कहते हैं कि ईश्वरदीन ने अखबार नहीं, बल्कि ज़िम्मेदारी और भरोसे को घर-घर पहुँचाया है


आज के दौर में, जब निरंतरता और वचनबद्धता दुर्लभ होती जा रही है, ऐसे में कर्मवीर ईश्वरदीन जैसे लोग समाज के लिए रौशन मिसाल हैं। कैसरगंज को उन पर फख्र है और उनकी यह खामोश मगर मजबूत सेवा आने वाली नस्लों के लिए प्रेरणा बनकर रहेगी।

# चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

## अभियुक्त के ऊपर बहराइच, लखीमपुर में दर्ज है 14 मुकदमे

**तहसील परिसर से चोरी हुई थी हीरो मोटरसाइकिल**

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। मोतीपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को दो चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ धर दबोचा है पकड़े गए अभियुक्त के ऊपर बहराइच तथा लखीमपुर खीरी के विभिन्न थानों में विभिन्न अपराधों में 14 मुकदमे दर्ज है। मुखबिर की सूचना पर थाना अध्यक्ष मोतीपुर आनंद चौरसिया, उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल पंकज सिंह, सिपाही रघुवीर प्रसाद ,करम देव यादव आदि ने घेराबंदी कर थाना क्षेत्र के सिंचाई कॉलोनी मोड़ से शुक्रवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अनिल उर्फ मासूम अली पुत्र सरताज अली निवासी टैंगनहा थाना धौरहरा जनपद लखीमपुर खीरी के रूप में हुई।अभियुक्त के पास से हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल यूपी 40 एवाई 1368 तथा मोटरसाइकिल सीटी 100 यूपी 32 बीपी 1348 बरामद हुई। थाना अध्यक्ष आनंद चौरसिया ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त बहुत ही शातिर है इसके ऊपर लखीमपुर और बहराइच के विभिन्न थानों में 14 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। दो मोटरसाइकिलें के बरामद हुई है जिसमें एक मोटरसाइकिल जो मिहींपुरवा तहसील परिसर से चोरी हुई थी उसका मुकदमा पहले से ही थाने में पंजीकृत है।

# विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया




अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। भवानियापुर रामगढ़ी में विशाल रूप में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि संत शिरोमणि श्री विष्णु देवाचार्य जी रहे। मुख्य वक्ता अशोक, सर्वेश जी रहे। इस अवसर पर शिवा तिवारी, श्रीमती स्वाती तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता शिवेंद्र ठाकुर, अमरीश मित्तल, खण्ड कार्यवाह दीपक, मंडल अध्यक्ष भाजपा कुश शुक्ला, रामविलास लोधी, लव कुमा, मोगरे गुप्ता, बिनोद गुप्ता, अमूल मोदनवाल, आलोक, विक्की यादव, शिवेंद्र यादव, प्रेम प्रकाश चौधरी, भृगुराम तिवारी, विजय कोलिक, धर्मेंद्र कश्यप व दूर दूर से हिंदू समाज के कार्यकर्ता बंधुओं उपस्थित रहे। मुख्य मुख्य वक्ता द्वारा लोगों को बताया गया कि सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता कि हिंदू समाज को संगठित करने के लिए पहले स्वयं में परिवर्तन लाना होगा। सभी को एक दिशा में एक साथ कार्य करना होगा।

# एसडीएम पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

## विधानसभा अध्यक्ष तक पहुंचा मामला, निजी सचिव ने जिलाधिकारी को लिखा पत्र

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, मुसाफिरखाना तहसील में तैनात उपजिलाधिकारी (एसडीएम) अभिनव कन्नौजिया पर भ्रष्टाचार और अधिवक्ताओं से दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप लगे हैं। यह मामला अब उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष तक पहुंच गया है, जिससे प्रशासनिक हलकों में हलचल है। फिलहाल डीएम संजय चौहान द्वारा इस मामले में तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन पहले ही किया जा चुका है। मुसाफिरखाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ल ने एक प्रार्थना पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि एसडीएम अभिनव कन्नौजिया राजस्व नियमों का उल्लंघन कर मनमाने आदेश पारित कर रहे हैं। अधिवक्ताओं द्वारा इन आदेशों पर सवाल उठाने पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी अधिकारी अपने पद पर रहते हुए जांच को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए, बार एसोसिएशन ने एसडीएम को हटाकर एक उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच की मांग की है। इस मामले को विधानसभा सचिवालय ने औपचारिक रूप से जिलाधिकारी अमेठी को भेज दिया है। इससे यह मामला अब केवल तहसील स्तर तक सीमित न रहकर राज्य स्तर पर एक संवेदनशील प्रशासनिक मुद्दा बन गया है। स्थानीय वकीलों ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई, तो न्यायिक तंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल उठेंगे। इस पत्र के सामने आने के बाद अमेठी से लखनऊ तक प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। मुसाफिरखाना तहसील के अधिवक्ता पिछले कई दिनों से एसडीएम अभिनव कन्नौजिया को हटाने की मांग पर अड़े हुए हैं।

# ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

## गांव की समस्या, गांव में समाधान

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।



विकासखंड जरवल के ग्राम पंचायत रुदाईन के पंचायत भवन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उपेंद्र वर्मा ने किया। ग्राम चौपाल कार्यक्रम खंड विकास अधिकारी जरवल आलोक कुमार वर्मा के निर्देशन में सहायक विकास अधिकारी कृषि व बी एम यम जितेंद्र कुमार सिंह ग्राम पंचायत सचिव अंकुर श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे। इस ग्राम चौपाल में गांव की समस्या गांव में समाधान के लिए शासन द्वारा ग्राम चौपाल आयोजन का कार्यक्रम में एडीओ समाज कल्याण अधिकारी व ब्लॉक मैनेजमेंट ऑफिसर जितेंद्र कुमार सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाएं धरातल पर पहुंचाई जाएं जिससे ग्रामीणों को पूर्ण लाभ प्राप्त हो सके जैसे स्वयं सहायता समूह द्वारा चलाई जा रही योजनाएं का लाभ महिलाओं को सरकार द्वारा दिया जा रहा है। महिलाएं जागरूक होकर अपना भविष्य स्वयं सवार रही है। ग्राम पंचायत सचिव अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाएं धरातल पर लाने के लिए सरकार ग्राम पंचायतो में ग्राम चौपाल के माध्यम से लोगों को जागरुक कर रही हैं। ग्राम पंचायत सचिव ने बताया कि राशन कार्ड , जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर नकल, जी राम जी मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना सुविधाओं के बारे मेंतथा किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्र, कृषि बीज , तथा कृषि यंत्रों पर सब्सिडी तथा कृषि बीज पर सब्सिडी के तथा सिंचाई के संसाधनों जैसी महत्वपूर्ण योजनाओ के बारे में पूर्ण जानकारी दी गई। बीएमएम जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में समूह बनाकर लोगों को जोड़कर सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का संपूर्ण लाभ प्राप्त करे। इस मौके पर एडीओ समाज कल्याण, व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रुदाईन उपेंद्र वर्मा, आकाश कुमार वर्मा ,इंद्र कुमार ज्ञानदीप वर्मा ,राजेश कुमार आशा देवी ,सुनीता, अनीता, सरोज सहित स्वास्थ्य विभाग एएनएम ममता शर्मा आशा बहू बृजमा देवी, विमला देवी वहीं शिक्षा विभाग से शिक्षक मेराज अहमद, शिक्षक निहाल सिंह सहित ग्राम पंचायत के पुरुष और महिलाएं मौजूद रहे।

# डग्गेमार बसों का आतंक :आरटीओ विभाग पर रोडवेज कर्मचारी संघ ने लगाए साठगांठ के आरोप

## सुनवाई न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी पुलिस ले रही महीनेदारी कर रही मनमानी

अमन लेखनी समाचार



मथुरा के रोडवेज कर्मचारी संघ आज मथुरा भूतेश्वर बस स्टेंड पर आक्रोश देखने को मिला और आरटीओ और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए मॉल गोदाम रोड पर चल रही डग्गेमार बसों के द्वारा रोडवेज की बसों के रंग को चोरी करके सरकार के राजस्व को खुलेआम चुना लगाने को लेकर शासन प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया रोडवेज कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने स्थानीय पुलिस और मथुरा के ए आर टी ओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया के रोडवेज बस स्टेंड के सामने मॉल गोदाम रोड पर डग्गेमार बसों का इतना आतंक हे के उन्होंने रोडवेज की बसों के कलर को ही चोरी कर किया हे जिससे सवारियों को ये पता ही नहीं चलता के बस रोडवेज सरकारी हे या प्राइवेट इसलिए सरकारी बसों को सवारियां नहीं मिल पाती और आरटीओ विभाग और पुलिस मिलकर इनसे साठगांठ का ये खेल चल रहा हे श्यामवीर सिंह ने बताया के इस तरह इन बसों के द्वारा रोडवेज विभाग को हर महीने लाखों रुपए के राजस्व का घाटा झेलना पड़ रहा हे जिसके चलते आज उनके और रोडवेज कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने आरटीओ विभाग और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे बाजी करते हुए विरोध दर्ज कराकर इस बिगड़ी हुई व्यवस्था को सुधारने की मांग की अब देखना ये होगा के मथुरा के भूतेश्वर बस स्टेंड पर इन डग्गेमार बसों का आतंक पुलिस और ए आर टी ओ की नाक के नीचे चलता रहता हे या फिर ये विभाग इस बड़े मामले को लेकर कोई कार्रवाई की जाएगी या ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा

# पुलिस ने अंतरजनपदीय ठग राजन मिश्रा को पकड़ा

**5 लाख के जेवर बरामद, नकली सोने से महिलाओं को ठगता था**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , पुलिस ने अंतरजनपदीय ठग राजन मिश्रा को गिरफ्तार किया है। उसे आसपुरदेवसरा थाना क्षेत्र के मोलनापुर मोड़ से पकड़ा गया। पुलिस ने उसके पास से पायल, मंगलसूत्र, अंगूठी, झाला, कील और नकली सोने का बिस्किट सहित लगभग 5 लाख रुपये के जेवर बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार ठग राजन महिलाओं को नकली सोने का बिस्किट देकर उनसे असली सोने-चांदी के जेवर ठग लेता था। वह महिलाओं को झांसा देकर उनके असली आभूषण ले लेता और बदले में नकली सोने का बिस्किट थमा देता था। पुलिस ने बताया कि शातिर ठग राजन मिश्रा प्रयागराज, प्रतापगढ़ और सुल्तानपुर सहित कई जिलों में ठगी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। उसकी गिरफ्तारी से इन क्षेत्रों में हुई कई ठगी की वारदातों का खुलासा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, इस शातिर ठग ने आसपुरदेवसरा की एक महिला को निशाना बनाया था। वह उसके असली जेवर लेकर फरार हो गया था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आज अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेंद्र लाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे मामले का खुलासा किया।

# मेडिकल कॉलेज कर्मचारी ने खुद को गोली मारी

## प्रतापगढ़ में घर में कनपटी पर फायर किया, मां ने डांटा था

अमन लेखनी समाचार


अतुल पांडेय, मृतक

प्रतापगढ़ , मेडिकल कॉलेज के कउव वार्ड में तैनात एक संविदा स्टाफ नर्स ने अपने घर में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर परिजन दौड़कर कमरे में पहुंचे तो शव फर्श पर पड़ा हुआ था। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है- मृतक शाम में रोजमर्रा की तरह ड्यूटी से लौटा था। रात में खाने के बाद मां से झगड़ा हुआ था। नशे की लत को लेकर मां ने उसे डांट लगाई थी। सुसाइड से कुछ समय पहले ही उसने अज्ञात नंबर पर मोबाइल से किसी से बात भी की थी। फिलहाल, मोबाइल फोन का उऊफ निकाला जा रहा है। घटना जिला मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर देहात कोतवाली क्षेत्र के फुलवारी गांव के पास की है। अब पूरा मामला विस्तार से जानिए... देहात कोतवाली क्षेत्र के फुलवारी गांव के समीप रहने वाला अतुल पाण्डेय (37) मेडिकल कॉलेज में स्टाफ नर्स के रूप में कार्यरत था। उसकी दिन की शिफ्ट की ड्यूटी थी। वह कउव में तैनात था। ड्यूटी करने के बाद शाम 6 बजे रोज की तरह घर पहुंचा था। परिजनों के अनुसार, खाना खाने के बाद रात 10 बजे अतुल अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। वह मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था। रात करीब 10:30 बजे कमरे से गोली चलने की आवाज आई। परिजन दौड़कर कमरे में पहुंचे। पूरे कमरे में खून ही खून फैला हुआ था। गोली अतुल के कनपटी के आरपार थी। पास में ही एक तमंचा पड़ा हुआ था। परिजन उसे लेकर तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## संक्षेप

### पुरानी रंजिश में दो पक्षों के बीच फायरिंग

**युवक को लगी गोली, हालत गंभीर; हायर सेंटर रेफर**

बागपत , पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई फायरिंग में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली लगने से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गांव में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। मामला बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के बवाली गांव का है फायरिंग में घायल युवक की पहचान नितिन के रूप में हुई है। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने हालात को नियंत्रित करते हुए जांच शुरू कर दी है। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। बड़ौत कोतवाली प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि दो पक्षों के बीच फायरिंग की सूचना मिली है। जिसमें एक युवक घायल हुआ है। उन्होंने बताया कि घायल को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है, हालांकि अभी तक किसी पक्ष की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### हाईवे पर तीन कारें टकराईं, छह घायल

**बैरिकेडिंग से टकराने के बाद हुआ हादसा, पुलिस जांच में जुटी**

बागपत , शहर कोतवाली क्षेत्र के मवीकलां गांव स्थित दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर एक सड़क हादसे में तीन कारें आपस में टकरा गईं। इस दुर्घटना में छह लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली से बागपत की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर प्लास्टिक बैरिकेडिंग और पत्थर से टकरा गई। इसके बाद पीछे से आ रही दो अन्य कारें भी क्षतिग्रस्त कार और बैरिकेडिंग से जा भिड़ीं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के वाहन चालक रुक गए। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहली कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। हाईवे अधिकारियों ने भी मौके का मुआयना किया।

### महिला शौचालय केयरटेकर डीएम कार्यालय पहुंचीं

**2020 से मानदेय न मिलने का आरोप**

बागपत , जनसमर्थ कल्याणकारी एसोसिएशन के नेतृत्व में महिला शौचालय केयरटेकर जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें वर्ष 2020 से मानदेय नहीं मिला है। बड़ी संख्या में मौजूद केयरटेकरों ने अपनी समस्या प्रशासन के सामने रखी। महिला केयरटेकरों ने बताया कि वे जनपद के विभिन्न सार्वजनिक शौचालयों में साफ-सफाई, रख-रखाव और व्यवस्था सुचारु बनाए रखने का कार्य पूरी निष्ठा से कर रही हैं।

# श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण के लिये हुई पहली रजिस्ट्री

## सुगम दर्शन का सपना होगा साकार, ब्रज में बढ़ेगा पर्यटन और रोजगार

**हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से कॉरिडोर निर्माण का रास्ता हो रहा साफ**

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। कान्हा की नगरी वृन्दावन में ठाकुर श्री बांके बिहारी जी के भक्तों के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा। भव्य और दिव्य 'श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर' के निर्माण की दिशा में ठोस कदम बढ़ाते हुए शुक्रवार को भूमि की पहली रजिस्ट्री सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश पर गठित हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से कॉरिडोर निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इस परियोजना से न केवल दर्शन सरल होंगे, बल्कि समूचे ब्रज क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

### गोस्वामी परिवार ने सहर्ष की पहली रजिस्ट्री

श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण के लिए आज बिहारी पुरा क्षेत्र की संपत्ति संख्या- 25 के एक भाग (69.26 वर्ग मीटर) की रजिस्ट्री तहसीलदार सदर के पक्ष में की गई। यति गोस्वामी, अभिलाष गोस्वामी और अनिकेत गोस्वामी ने इस पुनीत कार्य हेतु सहर्ष अपनी भूमि का विक्रय-विलेख (सेल डीड) निष्पादित किया। जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र प्रकाश सिंह और अपर जिलाधिकारी डॉ॰ पंकज कुमार वर्मा के प्रयासों से हुई यह पहली रजिस्ट्री कॉरिडोर निर्माण के संकल्प को धरातल पर उतारने की शुरूआत है।

### परंपरा और आधुनिकता का अनूठा मेल

उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार गठित इस उच्चाधिकार प्राप्त समिति में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अशोक कुमार की अध्यक्षता में प्रशासन, पुलिस, पुरातत्व विभाग और गोस्वामी समाज के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति ने मंदिर के गोस्वामियों, सेवायतों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों के साथ निरंतर बैठकें कर सभी के सुझावों को इस योजना में शामिल किया है। यह कॉरिडोर वृंदावन की प्राचीन दिव्यता को बनाए रखते हुए आधुनिक जरूरतों को पूरा करेगा। इस भव्य निर्माण से ब्रज की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पटल पर एक नई पहचान मिलेगी और ठाकुर जी के भक्तों के लिए दर्शन की राह आसान हो जाएगी। प्रस्तावित कॉरिडोर में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित वातावरण, बैठने की व्यवस्था, पेयजल और सुगम प्रवेश- निकासी द्वार बनाए जाएंगे, जिससे संकरी गलियों में होने वाली भीड़ का दबाव कम होगा।

### धार्मिक पर्यटन और रोजगार के खुलेंगे नए द्वार

कॉरिडोर के निर्माण से वृन्दावन में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिसका सीधा लाभ स्थानीय अर्थव्यवस्था को होगा। नए होटलों, रेस्टोरेंटों और दुकानों के खुलने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। समिति ने यह भी घोषणा की है कि जो लोग स्वेच्छा से कॉरिडोर हेतु अपनी जमीन पहले प्रदान करेंगे, उन्हें भविष्य में दी जाने वाली सुविधाओं में वरीयता दी जाएगी।

### सुरक्षित और सुविधाजनक होंगे ठाकुर जी के दर्शन

अभी तक श्रद्धालुओं को वृंदावन की संकरी गलियों के कारण भारी परेशानी और सुरक्षा जोखिमों का सामना करना पड़ता था। कॉरिडोर बनने के बाद श्री बांके बिहारी जी के दर्शन अत्यंत सुलभ हो जाएंगे। यह प्रोजेक्ट न केवल वृन्दावन की ऐतिहासिक पहचान को सुरक्षित रखेगा, बल्कि आधुनिक तीर्थयात्रियों की जरूरतों को भी पूरा करेगा। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि इस पवित्र कार्य में सभी अपना सहयोग दें ताकि ब्रज की महिमा वैश्विक पटल पर और अधिक चमके।

# पूर्व केंद्र मंत्री ने SIR के द्वितीय चरण का किया पुनः निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार/ रवि श्रीवास्तव

जहानाबाद, फतेहपुर। कस्बे के मलिकपुर में फूलमती मंदिर के परिसर में स्थित SIR फॉर्म का निरीक्षण किया एवं 18 वर्ष के हुए युवाओं को मतदाता बनने की अपील साथ में भरे गए फॉर्म इसमें बूथ संख्या 160 161 162 के मतदाताओं से रकफफॉर्म के फायदे एवं मतदाताओं को जागरुक करते हुए एकजुट होकर मतदान करने की की अपील इस मौके पर सेक्टर प्रमुख भरत सिंह सेंगर, मंडल अध्यक्ष नितिन ओमर, सभासद सर्वेश कुमार, मंडल उपाध्यक्ष शिवम, मंडल पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष शिंपू शिवहरे, महेश चौरसिया ,आकाश गुप्ता,रवि श्रीवास्तव,सोहन जोशी अंकित राजपूत राजकिशोर कश्यप,धर्मेंद्र राजपूत सुमित सेन पुनीता सरोज निषाद आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे

# मकर संक्रांति महोत्सव पर अष्टम संगोष्ठी हुई आयोजित

अमन लेखनी समाचार



गोकुल, मथुरा। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर दो दिवसीय वार्षिकोत्सव पर सेवायाम कथायाम ? के अंतर्गत रतन मोती संस्कृत महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मकर संक्रांति पर्व महोत्सव के उपलक्ष में अष्टम आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ भगवान गोकुल नाथ जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं चौमुंहा ब्लॉक अध्यक्ष शोभा राम शर्मा एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों का पटुका एवं दुशाला उढा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रिपुसूदन मिश्र द्वारा संस्कृत महाविद्यालय के विषय में विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि यह संस्कृत महाविद्यालय 100 वर्षों से भी अधिक प्राचीन है, इस विद्यालय के पढ़े छात्र-छात्राएं आज विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं, जो एक गर्व की बात है। इस मौके पर पधारे प्रख्यात कवि एवं गीतकार राधा गोविंद पाठक ने अपने ओजस्वी कंठ से कविता पाठ किया। इस मौके पर चौमुंहा ब्लॉक अध्यक्ष व मुख्य अतिथि शोभा राम शर्मा ने विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विजयी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक रवींद्र सिंह ने कहा कि विद्यालय की प्रगति, अनुशासन एवं संस्कृत भाषा मे सहयोग के लिए विद्यालय प्रबंधक धन्यवाद के पात्र हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन निरंजन सिंह धनगर ने इस मौके पर गरीब, असहाय एवं वृद्धाश्रम की विधवा माताओं को कंबल एवं गर्म वस्त्र वितरण किए। इस अवसर पर जनपद के गणमान्य एवं विशिष्ट सेवा भावी महानुभावों ने इस संगोष्ठी में पधारकर अपने-अपने सुझाव रखे। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्रबंधक मुकुंद कृष्ण उपाध्याय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# गरमा गर्मी के बीच बार एसोसिएशन चुनाव में हुआ मतदान

## दोपहर तीन बजे तक हुआ लगभग 65 प्रतिशत मतदान

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव ने शुक्रवार को दीवानी न्यायालय परिसर को पूरी तरह चुनावी रणभूमि में बदल दिया। छुटपुट हंगामे, जोशीले नारे और भारी भीड़ के बीच अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। छह पदों के लिए मैदान में उतरे 35 प्रत्याशियों की किस्मत अब मतपेटियों में बंद हो चुकी है, जिसका फैसला शनिवार को मतगणना के बाद सामने आएगा। सुबह 9 बजे बोहरे कन्हैयालाल सभागार में शुरू हुआ मतदान शाम 5 बजे तक चला। दोपहर 3 बजे तक 3544 में से 2350 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुनावी तापमान चरम पर पहुंचा दिया। न्यायालय परिसर के बाहर प्रत्याशियों के समर्थकों की भारी भीड़ जुटी रही, जिससे माहौल पूरी तरह जोशीला बना रहा। चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। एसपी सिटी और सीओ सिटी भारी पुलिस बल के साथ खुद मोर्चे पर डटे रहे। पूरे न्यायालय परिसर को सुरक्षा घेरे में रखा गया, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो सके। निर्वाचन अधिकारी प्रदीप शर्मा और उप निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार लवानिया ने बताया कि केवल पहचान पत्र दिखाने पर ही अधिवक्ताओं को मतदान की अनुमति दी गई। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए 5, उपाध्यक्ष के लिए 3, सचिव के लिए 12, संयुक्त सचिव के लिए 9, कोषाध्यक्ष के लिए 4 और ऑडिटर पद के लिए 2 प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनाव के दौरान मांट विधायक राजेश चौधरी और पूर्व मंत्री सरदार सिंह ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे चुनावी सरगर्मी और बढ़ गई। अब पूरे जिले की निगाहें शनिवार सुबह होने वाली मतगणना पर टिकी हैं, जब साफ होगा कि बार एसोसिएशन की बागडोर किसके हाथ लगेगी। बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में लोकतांत्रिक उत्साह अपने चरम पर दिखाई दिया। इसी क्रम में ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. कमल कांत उपमन्यु एडवोकेट तथा स्पेशल डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु ने मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अधिवक्ताओं ने इसे बार एसोसिएशन की लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने वाला कदम बताया। शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में हुए मतदान के बीच अधिवक्ताओं ने निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद जताई। बार एसोसिएशन के इस चुनाव को लेकर अधिवक्ता समुदाय में खासा उत्साह है और सभी की निगाहें अब मतगणना पर टिकी हुई हैं, जहां नई कार्यकारिणी के गठन का फैसला होगा।

# रेलवे जंक्शन से बच्चे का अपहरण करने वाला बबली गिरफ्तार

**सराहनीय कार्य**

अमन लेखनी समाचार





रेलवे स्टेशन मथुरा से बच्चे का अपहरण करने वाले अभियुक्त को त्वरित कार्यवाही करते हुये जीआरपी टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए अपहरणकर्ता अभियुक्त को 14 घण्टे में ही गिरफ्तार कर लिया गया और बच्चे को सकुशल बरामद कर माता पिता को सुपुर्द कर दिया गया

रेलवे जंक्शन पर बढ़ रही घटनाओं के रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाकर आपराधिक घटनाओ की रोकथाम एंव चोरो की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे आगरा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन के नेतृत्व में गठित जीआरपी टीम द्वारा अपहृत बच्चे को त्वरित कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधि कार्रवाई की जा रही है घटना की जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि

दिनांक 15.01.2026 को वादी द्वारा थाना जीआरपी मथुरा जं0 पर सूचना दी गयी कि मेरे 04 वर्ष के बेटे को एक व्यक्ति अपने साथ गोद में उठा कहीं ले गया है। इस सम्बन्ध में प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 15.01.2026 को थाना जी॰आर॰पी मथुरा जंक्शन पर मु॰अ॰सं 13/2026 धारा 137 (2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना प्राभारी द्वारा पुलिस टीम का गठन कर बच्चे को ढूंढने का प्रयास करते हुये मात्र 14 घण्टे में बालक को बरामद कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर गिरफ्तार अभियुक्त बबली जो कि जिला भरतपुर राजस्थान का रहने वाला है

# चंद्रशेखर की पार्टी में लगी दौड़ की होड़

## मेरठ कपसाड़ कांड पीड़िता से मिलने भागते हुए आए भीम आर्मी जय भीम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,कपसाड़ कांड की अपहृता रूबी से मिलने के लिए आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने तमाम जतन किए। चंद्रशेखर आजाद पीड़िता के परिजनों से मिलने मेरठ आ रहे थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें गाजियाबाद से मेरठ के बीच कई जगहों पर रोका। इस दौरान चंद्रशेखर आजाद ने हाईवे पर दौड़ लगाई, डिवाइडर पर दौड़े। दीवार कूदी और बीच रास्ते अंजान युवक की बाइक रुकवाकर बाइक पर बैठकर सफर किया। लेकिन पीड़ित परिवार से मिल नहीं पाए। अब चंद्रशेखर आजाद के दौड़ने वाले वीडियो के बाद उनकी पार्टी में दौड़ की होड़ लगी है। पार्टी कार्यकर्ता भी पुलिस से बचकर दौड़ते हुए पीड़िता से मिलने जा रहे हैं। लेकिन कपसाड़ गांव में पुलिस का पहरा इतना गहरा है कि वहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता। किसी नेता का पीड़िता के घर पहुंचना बिना पुलिस, प्रशासन की अनुमति के नामुमकिन है।

### गांव में दौड़कर जाने का किया प्रयास

बुधवार को भीम आर्मी पार्टी के नेता और जयभीम संगठन के प्रेसीडेंट मनजीत नौटियाल का ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है। मनजीत नौटियाल कपसाड़ गांव में पीड़िता रूबी से मिलने जा रहे थे। गांव से लगभग 10 किमी दूरी तक पुलिस ने सुरक्षाघेरा बना रखा है। पिछले 4 दिनों से गांव में किसी को एंट्री नहीं है। ऐसे में मनजीत नौटियाल पीड़िता से मिलने उसके गांव जाने लगे।

### दौड़ते हुए वीडियो भी शूट कराया

लेकिन पुलिस का पहरा इतना कड़ा है कि पीड़िता से मिलना नामुमकिन है। गांव में बाहरी व्यक्तियों को प्रवेश भी नहीं मिल रहा है। इसके बावजूद मनजीत नौटियाल पुलिस को चकमा देकर पीड़िता से मिलने का प्रयास करने लगे। उन्होंने गलियों में दौड़ लगा दी। तभी एक कार्यकर्ता ने मनजीत नौटियाल का दौड़ते हुए वीडियो भी शूट किया। जिसमें मनजीत नौटियाल दौड़ते दिख रहे हैं। उनके पीछे पुलिस दौड़ लगा रही है।


### सोशल मीडिया पर लोग बोले चंद्रशेखर की कॉपी

पुलिस ने मनजीत नौटियाल को रास्ते में ही पकड़ लिया और उन्हें गांव में एंट्री नहीं दी गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। जिसे कई लोग चंद्रशेखर की कॉपी भी कह रहे हैं।

# नोएडा में युवक ने किया सुसाइड

**दो साल पहले पत्नी से हुआ था तलाक, तब से चल रहा था परेशान**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , सेक्टर-52 स्थित अरावली अपार्टमेंट के एक फ्लैट में किराए पर रहने वाले युवक ने मंगलवार शाम फंदे से झूलकर सुसाइड कर लिया। सेक्टर-24 थाना पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। युवक मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से मध्य प्रदेश के जिला मुरैना निवासी अंकित वर्मा सेक्टर-52 स्थित अरावली अपार्टमेंट के प्रथम तल के फ्लैट में किराए पर रहता था। वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। वह सोसाइटी में पिछले कुछ सालों से रहते थे। उन्होंने कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सुबह शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फ्लैट पर पहुंचे अंकित के दोस्त वहीं, आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष ओपी यादव ने बताया कि शाम परिजन ने अंकित को कॉल की थी। काफी देर तक संपर्क न होने पर उन्होंने ओपी यादव से संपर्क किया, लेकिन बिना कानूनी प्रक्रिया के उन्होंने फ्लैट खुलवाने में असमर्थता जताई। बुधवार सुबह परिजन ने अंकित के दोस्त को फ्लैट पर भेजा। मौके पर पुलिस को बुलाया गया। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी तो, देखा शव जमीन पर पड़ा था। गले में बेडशीट बंधी थी।

# साइबर ठगी के लिए पहले थाइलैंड फिर भेजा म्यांमार

**एजेंट को नोएडा पुलिस ने शामली से पकड़ा, नौकरी के नाम पर छह को भेज चुका विदेश**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, साइबर क्राइम की टीम ने एक एजेंट को शामली से गिरफ्तार किया है। ये बेरोजगार युवाओं को विदेश में नौकरी दिलाने पर फंसाता और उन्हें विदेश में बैठे साइबर ठगों को सौंप देता था। साइबर ठग ऐसे युवाओं से साइबर ठगी करवाते है। आरोपी की पहचान शुभम पुंडीर हुई है। अब तक पूछताछ में छह लोगों को थाइलैंड के रास्ते म्यांमार भेज चुका है। डीसीपी साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि नोएडा सेक्टर 73 निवासी पीड़ित ने 12 जनवरी को मुकदमा दर्ज कराया। उसने बताया कि इंस्टाग्राम के जरिए उसकी मुलाकात शुभम नाम के व्यक्ति से हुई। शुभम ने उसे विदेश में डाटा एंट्री करने की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। उससे थाईलैंड भेजने के नाम पर 80 हजार रुपए लिए। शुभम ने उसका टिकट बुक किया और उसे थाईलैंड भेजा दिया।

थाईलैंड से उसे म्यांमार भेजा गया वहां मौजूद एक अन्य ऐजेंट उसे साइबर अपराधियों के पास ले गया। जहां से उसे म्यांमार देश लाया गया। वहां उससे जबरन साइबर ठगी का काम करवाया गया। उसको म्यांमार में साइबर स्लेवरी में रखा और दुनिया के विभिन्न देशों के व्यक्तियों को साइबर ठगी के लिए सोशल मीडिया प्लेट फार्म जैसे फेसबुक इस्ट्राग्राम, टिन्डर ऐप आदि के माध्यम से ग्रेटिंग मैसेज भिजवाए गए। जिससे ठगी हो रही है।

### रेस्क्यू करके लाया गया भारत

किसी तरह पीड़ित का रेस्क्यू किया गया और उसे भारत लाया गया। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर एजेंट के खिलाफ थाना साइबर क्राइम पर मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

# अखलाक मॉब लिंचिंग केस में 22 जनवरी को होगी सुनवाई

**आरोपी पक्ष ने दस्तावेज जमा करने के लिए मांगा समय, 23 जनवरी को होगी गवाही**

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, अखलाक मॉब लिंचिंग मामले में ट्रांसफर याचिका (टीए) पर गौतमबुद्ध नगर के जिला न्यायाधीश आज सुनवाई की। अखलाक के परिवार के वकील यूसुफ सैफी ने बताया कि मामले में आरोपी पक्ष की ओर से कोई बहस नहीं की गई। दस्तावेज जमा करने के लिए कुछ और समय मांगा है। कोर्ट ने अगली तारीख 22 जनवरी दी है। 23 जनवरी को अखलाक पक्ष की ओर से गवाही भी दी जाएगी।

### ट्रांसफर के लिए याचिका दायर की थी

22 जनवरी को सुनवाई के बाद यह तय किया जाएगा कि मामला अतिरिक्त जिला न्यायाधीश की फास्ट ट्रैक कोर्ट (एफटीसी) में चलेगा या किसी अन्य अदालत में चलेगा। आरोपियों के वकील ने 8 जनवरी को एफटीसी से किसी अन्य अदालत में मामले के ट्रांसफर के लिए याचिका दायर की थी। ट्रांसफर याचिका छह आरोपियों विनय, शिवम, सौरभ, संदीप, गौरव और हरिओम की ओर से दायर की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि पुलिस द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं। उन्हें झूठे तरीके से फंसाया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने निर्दोष लोगों के खिलाफ दर्ज मामला वापस लेने का निर्देश दिया।

## कस्बे के हालात सामान्य, दिन भर गुलजार रहा बाजार

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। गुरुवार को हिंदूवादी संगठनों के बवाल के बाद शुक्रवार को कस्बे में शांति रही। सुबह से बाजार में चारों तरफ चहल-पहल नजर आई और पूरे दिन बाजार गुलजार रहा। जुमा का दिन होने कारण पुलिस मस्जिदों में खास नजर रखी। लेकिन अफवाहों का बाजार दिनभर गर्म रहा। लोग जगह जगह गुरुवार को हुए प्रदर्शन की चर्चा करते रहे। पुलिस भी दिनभर अफवाहों पर कड़ी नजर बनाए रखी। गुरुवार को हिंदूवादी संगठनों के बवाल के बाद शुक्रवार को कस्बे में पूरी तरह शांति रही। सुबह से कस्बे का पूरा बाजार समय पर खुला और पूरे दिन गुलजार रहा। लेकिन अफवाहें दिनभर तैरती रही। लोग जगह-जगह गुरुवार की घटना को लेकर आपस में चर्चा करते नजर आए। पुलिस सुबह से पूरी तरह से अलर्ट नजर आई और अफवाहों पर कड़ी नजर रखी। कस्बे में शुक्रवार को जुमा की नमाज के चलते मस्जिदों में भी कड़ी नजर रखी। सीओ सदर भी आरोपी के घर के पास स्थित आयशा मस्जिद में पहुंचे और शांति व्यवस्था बनाएं रखने के निर्देश दिए। शुक्रवार को पूरी तरह से शांति रही और सब कुछ पूर्व की तरह नजर आया। दोनों समुदाय की दुकान पूर्व की भांति खुली और कारोबार हुआ। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि कस्बे में किसी तरह का तनाव नहीं है और पूरी तरह से शांति रही।

## हरियाणा की टीम ने जीता फाइनल

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज ह्लहरदोई थ्रो बाल प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ पब्लिक स्कूल में किया गया। जिसमें 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। हरियाणा की टीम ने फाइनल मैच जीता। थ्रो बॉल कंपटीशन के लिए राजस्थान के जयपुर और झुंझुनू जिलों की टीम तथा हरियाणा से हिसार की टीम व उत्तर प्रदेश से बनारस जौनपुर कानपुर बाराबंकी प्रयागराज और हरदोई की टीम ने प्रतिभाग किया। पहला सेमीफाइनल बनारस और हरियाणा के बीच हुआ जिसमें हरियाणा ने पहला सेट 15- 10 से जीता और दूसरा सेट 15- 3 से जीत कर फाइनल में पहुंची।

## मुख्य आरोपी के खिलाफ पुलिस पर फायरिंग का मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने रेप एवं धर्मांतरण का दबाव बनाने वाले मुख्य आरोपी पर पुलिस पर हमला करने का मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप है कि रेप एवं धर्मांतरण का दबाव बनाने वाले आरोपी को जिस समय देवगांव मार्ग में गिरफ्तार किया गया उसी समय उसने बताया कि पुराने डम्प के पास अवैध तमंचा छिपाकर रखा हुआ है। तमंचा बरामद करते समय उसने मेरे ऊपर फायर झोक दिया। गोली कान के बगल से निकल गई। जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी और उसे अवैध तमंचा 315 बोर एक अदद कारतूस के साथ मौके से दबोचा गया। थानाध्यक्ष की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1), आयुध अधिनियम की धारा 9/25/28 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है

### चार के खिलाफ गिरोहबंद का मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। थानाध्यक्ष ने चार युवकों के खिलाफ समाज में भय एवं आतंक पैदा करके अवैध वसूली करने पर गिरोहबंद अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में मुफीद अहमद उर्फ बउवा रागौल, आलोक यादव कलौली तीर, दीपक निषाद कुछेछा, संजय वर्मा उर्फ संजय अहिरवार निवासी कुरारा के खिलाफ समाज में भय एवं आतंक पैदा करके जबरिया धन वसूली करने का आरोप लगाकर गिरोहबंद अधिनियम को 2/3 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## 'जल जीवन मिशन' बना गांव विकास जिम्मेदारों का 'जल-लूट मिशन'

### नल रिबोर के नाम पर करोड़ों की धनराशि 72 गांव पंचायतों में हुआ बंदरबांट का शिकार

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई)। विकास खण्ड में पेयजल व्यवस्था के नाम पर ऐसा खेल खेला गया कि सरकारी खजाने से करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा दिए गाए। विकास खण्ड की 72 ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों और पंचायत सचिवों द्वारा नल रिबोर व मरम्मत कार्य दिखाकर पूरे पांच सालों में प्रति पंचायत कम से कम 10 लाख रुपये की धनराशि निकाली गयी। जिसकी पुष्टि सरकारी पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़े खुद कर रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जलशक्ति मंत्रालय के माध्यम से जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव पानी की टंकियां बनवाकर स्वच्छ और शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू की जा चुकी है। अधिकांश गांवों में नलों से पानी भी आ रहा है। इसके बावजूद ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था सुधारने के नाम पर कागजों में नल रिबोर और मरम्मत का काम चलता रहा और भुगतान होता रहा। प्रधान सेक्रेटरी की इस जुगलबंदी में न तो नियम दिखे, न ही जरूरत। फाइलों में कार्य पूरे हुए, बिल लगे और धनराप्ति जारी होती चली गई। हैरत की बात यह है कि इतने बड़े पैमाने पर हुए भुगतान पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की नजर नहीं पड़ी या यूं कहें कि सब कुछ देख-समझकर भी अनदेखा किया गया। कहा जा रहा है कि पानी की जगह पैसा पीने बाले कई प्रधान सत्तारूढ़ पार्टी के प्रभावशाली नेताओं के खासमखास बन गए। ऐसे में सैया भये कोतवाल, फिर डर काहे का की कहावत जमीन पर उतर आई और प्रधानों ने खुलकर हाथ साफ किया। विकास के नाम पर गांवों की तस्त्रीर नहीं बदली, लेकिन प्रधानों की तस्वीर जरूर बदल गई। जो प्रधान पहले साइकिल या मोटरसाइकिल पर चलते थे, वे आज चार पहिया लग्जरी गाड़ियों में नजर आते हैं। इन गाड़ियों की चमक और राजसी ठाठ भी अधिकारियों की आंखों से ओझल ही रही। जबकि सच्चाई यह है कि ग्राम प्रधान को महज 5,000 रुपये मासिक मानदेय मिलता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर ग्राम प्रधान करोड़पति कैसे बनते जा रहे है? सरकार यदि शाहाबाद विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में नल रिबोर व मरम्मत कार्यों कि उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच करा लें तो 'जल-लूट' की व्यवस्था की पूरी पोल खुल सकती है और इसमें ब्युरोक्रेसी से लेकर जन प्रतिनिधियों की पोल पट्टी खुल सकती है।

## आशीर्वाद सिंह कुशवाहा को रेलवे द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विशिष्ट सेवा पुरस्कार से किया गया सम्मानित

### विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार

अमन लेखनी समाचार

हरदोई के बेटे ने किया जिले का नाम रोशन ऑल इंडिया रेलवे विशिष्ट सेवा पुरस्कार से हुआ सम्मानित, हरदोई के महरी गांव निवासी संजीव सिंह कुशवाहा एडवोकेट वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरदोई बार एसोसिएशन के सुपुत्र ने रचा इतिहास पारिवारिक एवं जिले वीडियो में हर्ष का माहौल, लखनऊ के चारबाग स्थित रेल कारखाने के सीनियर सेक्शन इंजीनियर आशीर्वाद सिंह कुशवाहा को भारतीय रेल में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए भारत सरकार द्वारा विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया , यह पुरस्कार नई दिल्ली स्थित भारतीय रेल म्यूजियम में प्रदान किया

## खिचड़ी भोज में सेकड़ो लोगों ने पाया प्रसाद

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां (हरदोई) मकर संक्रांति पर समाज सेवी विशाल जायसवाल व रागिनी जायसवाल ने खिचड़ी भोज का विधि विधान से पूजन अर्चन कर आयोजन किया। कस्बे के स्वराज आश्रम के सामने हर वर्ष की तरह समाज सेवी विशाल जायसवाल ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया। खिचड़ी भोज में सैकड़ो लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह से कई जगहों पर खिचड़ी भोज के कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर सभासद जाहिद खां, सभासद प्रतिनिधि अमित त्रिपाठी, सपा नेता सोनू त्रिपाठी, समाजसेवी रामदास वर्मा, राकेश दीक्षित, विनोद स्वर्णकार, अविनाश, बउआ त्रिवेदी, लालू जायसवाल, डॉ छोटे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## आजादी की लड़ाई के गुमनाम नायक कुन्दन लाल गुप्त की पुण्यतिथि पर दी श्रृद्धांजलि



अमन लेखनी समाचार

भरूआ, सुमेरपुर। देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने एक गुमनाम नायक कुन्दन लाल गुप्त की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि कुन्दन लाल गुप्त सही मायने में देश के अप्रतिम योद्धा थे। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म फैजाबाद में रघुनाथ प्रसाद गुप्त के घर 1900 में जन्म हुआ था। अपनी प्रारम्भिक शिक्षा के बाद ये स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़े थे। असहयोग आंदोलन से लेकर भारत छोड़ो आंदोलन तक ये आन्दोलनकारी रहे। इन्हे तीन वर्ष तक जेल में रहना पड़ा। आजादी के बाद ये नागपुर में रहने लगे थे। कालांतर में इनका 16 जनवरी 1978 में निधन हो गया। इस कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, महावीर प्रजापति, रिचा, रामनरायन सोनकर, भोलू सिंह, सागर, विकास, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

## सिंचाई विभाग की बंधी ध्वस्त करके बनाया गया है घटना में प्रयुक्त इंडियन लाज

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। धर्म छिपाकर प्रेमजाल में फंसाने और रेप के बाद धर्मांतरण का दबाव बनाने, युवती के मना करने से बौखलाये अफान द्वारा अश्लील वीडियो वायरल करने के बाद हुए बवाल में घटना स्थल के लिए उपयोग में लाया गया इंडियन लाज सिंचाई विभाग की सरकारी बंधी को ध्वस्त करके बनाया गया है। इसका एक मुकदमा हाईकोर्ट में दाखिल हुआ था। हाईकोर्ट ने सरकारी बंधी पर बने भवनों को ढहाने के आदेश पारित किए थे। लेकिन प्रशासन के मोहलत मांग लेने से यह आदेश खटाई में पड़ा हुआ है बस स्टैंड के जिस इंडियन लाज में मुस्लिम समुदाय के युवक ने हिंदू समुदाय की युवती को प्रेम का सब्जबाग दिखाकर दुष्कर्म का शिकार बनाया। वह लाज सिंचाई विभाग की बंधी को ध्वस्त करके बनाया गया है। सरकारी बंधी में बने भवनों को ढहाने के लिए सरीला तहसील के रहटिया गांव निवासी श्यामबाबू ने वर्ष 2021 में हाईकोर्ट में रिट दाखिल करके अवैध निर्माण हटाने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए सिंचाई विभाग की रिपोर्ट को आधार बनाकर वर्ष 2021 में ही इनको हटाने के आदेश पारित किए थे। इस आदेश के बाद प्रशासन ने हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल करके छह माह का समय मांगा था। इसके बाद प्रशासन ने हाईकोर्ट के इस आदेश को रद्दी की टोकरी में डाल रखा है। इसी सरकारी जमीन पर बने इंडियन लाज में इसके मालिक का पुत्र रंगेलिया मानता रहा और प्रशासन मौन रहा। श्यामबाबू की मौत के बाद मामले की पैरवी उनके पुत्र यशवंत कर रहे हैं। उसने बताया कि वह अदालत के आदेश के अवमानना के खिलाफ पुनः हाईकोर्ट जाने की तैयारी कर रहा है। क्योंकि इस बंधी की सरकारी जमीन पर ज्यादातर भूमाफिया कब्जा जमाए हुए है और बड़े-बड़े कार्यालय, प्रतिष्ठान संचालित करके लाखों करोड़ों की संपत्ति अर्जित करके प्रशासन को खुलेआम ठेंगा दिखा रहे हैं।

## पुलिस ने पीड़िता का कराया डाक्टरी परीक्षण मुख्य आरोपी को अदालत में किया पेश

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। शुक्रवार को पुलिस ने पीड़िता का डाक्टरी परीक्षण कराया। शनिवार को अदालत में बयान कराए जाने की संभावना है। उधर पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी को पुलिस ने वीडियो कॉल के जरिए में अदालत में बयान कराए। गुरुवार को मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने देर रात मुख्य आरोपी अफान खान को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने के बाद इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया था। इसके बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सदर अस्पताल से रात में उसे कानपुर ले जाकर हैलेट में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को पुलिस ने वीडियो कॉल के जरिए न्यायालय में बयान कराए। उधर पुलिस ने पीडिता का शुक्रवार को डॉक्टरी परिक्षण कराया। शनिवार को पुलिस अदालत में पीड़िता का बयान करा सकती है। पीड़िता के बयान के बाद हिरासत में लिए गए मुख्य आरोपी के पिता को पुलिस जेल भेज सकती है

## शंकरपुर में गांव में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया



हिन्दू सम्मेलन में वृद्ध जनों को कंवल वितरण करते

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के शंकरपुर गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। तथा संतो व वृद्ध जन को कंबल का वितरण किया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में विभाग संघ चालक गोपाल दास पालीवाल ने हिन्दू राष्ट्र पर विस्तार पूर्वक बताया। तथा हिंदुओं को एक जुट रहने के लिए प्रेरित किया। तथा डा गीता गुप्ता ने हिंदू समाज को संगठित रहने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि हिंदू संगठित रहेगा दो देश तरक्की करेगा। इस अवसर पर संतों को कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शुभम् द्विवेदी, अजय द्विवेदी, खंड चालक अर्जुन सिंह, खंड प्रचारक सचिन , खंड कार्यवाह विवेक पालीवाल, बालगोविंद सोनी, प्रदीप नामदेव, त्रिभुवन सिंह, पिंटू सिंह, कार्यक्रम संयोजक गणेश तिवारीने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया

## कान्हा की बाल लीलाएँ देख दर्शक हुए भाव विभोर

अमन लेखनी समाचार

चोपन /सोनभद्र- बैरियर पर चल रहे वृंदावन से आये श्री विशाखा रमणबिहारी रासलीला मण्डल द्वारा मनमोहक रास की प्रस्तुती की जा रही है। श्रीकृष्ण लीला के पांचवे दिन कान्हा की बाल लीलाएँ देख दर्शक भावविभोर हो उठे। आज सूर्योदय के पूर्व नन्द बाबा जब कान्हा को लिये बिना यमुना जी में स्नान को जाते हैं तो मौका देख कन्हैया -बलराम बाबा के वस्त्र हर लेते हैं। राधा रानी से मुलाकात के बाद जसोदा मैया भगवान से उन्हें अपने कन्हैया का रिश्ता तय कर के पूरे हर्षोल्लास से उनकी गोद भराई करती है गोद भराई रस्म में मुख्य यजमान प्रदीप अग्रवाल सब परिवार के साथ गोद भराई का रस्म पूरा किया। उसके पश्चात कृष्ण जी अपने सभी ग्वाल सखाओ के साथ माखन चोरी करने जाते है जहाँ गोपी उन्हें पकड़ कर दण्ड दिलाने के लिए माता यशोदा के पास ले जाने का प्रयास करती है पर अपनी चतुरायी से वह गोपी की बांध कर सभी ग्वालो संघ माखन चुराते हुये मनमोहक लीला की प्रस्तुति की। माखन चोरी के मंचन में कन्हैया गोपियों के घर दहीं माखन की चोरी करते हैं। एक गोपी उन्हें माखन चुराते हुए रंगे हाथ पकड़ लेती है तो कान्हा उससे छोड़ने का विनय करते हैं लेकिन गोपी जब उन्हें बांधने का असफल प्रयास करती है तो नटखट कन्हैया उसे ही बांध देते हैं और अपनी बाल मंडली को बुलाकर न केवल दहीं माखन खाते हैं अपितु मटकियां भी गिराकर तोड़ देते हैं। इस अवसर पर प्रदीप अग्रवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन, दिनेश जैन, राजेश साहनी, महेंद्र केसरी, विमल शाह, आनंद अग्रवाल, पवन अग्रवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, राकेश मोदनवाल , रामसुन्दर निषाद , विमल साह , संदीप अग्रवाल, सत्येंद्र आर्य, नागेश्वर गोड़, विकाश चौबे, दीपक साहनी, नागेश्वर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पन्नूगंज मे देशी शराब व बीयर की दुकान में हुई चोरी की घटना में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

### कब्जे से शराब व नगद बरामद

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर तथा प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र के कुशल निर्देशन में थाना पन्नूगंज पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा था इसी क्रम में दिनांक 14.01.2026 को थाना पन्नूगंज पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पकरहट में तीन संदिग्ध व्यक्ति नहर के रास्ते इधर-उधर घूमते हुए ग्राम सिकरिया की ओर जा रहे हैं, जो दिनांक 10/11.01.2026 की रात्रि में ग्राम पकरहट स्थित देशी शराब व बीयर की दुकान से हुई चोरी की घटना में संलिप्त प्रतीत हो रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गई। पुलिस बल को देखकर तीनों संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें घेरकर पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा स्वीकार किया गया कि उन्होंने दिनांक 10/11.01.2026 की रात्रि लगभग 12 बजे ग्राम पकरहट स्थित देशी शराब व बीयर की दुकान में चोरी की थी तथा आज पुनः चोरी की नीयत से रेकी कर रहे थे। अभियुक्तों को उनके कृत्य से अवगत कराते हुए नियमानुसार दिनांक 14.01.2026 को समय 21:20 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

## कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम का चोपन बैरियर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र। पटवध में आयोजित विधायक खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने जा रहे छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम का चोपन पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। चोपन बैरियर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर मंत्री श्री राम विचार नेताम ने कार्यकताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक मजबूती और खेलों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन और टीम भावना को भी मजबूत करती हैं। पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह और वरिष्ठ भाजपा नेता राजा मिश्रा ने कहा कि कैबिनेट मंत्री का चोपन आगमन भाजपा कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायक है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन से कार्यकताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार होता है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजय केशरी, प्रदीप अग्रवाल, रामकुमार सोनी , विकास चौबे, मटर शर्मा सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वागत के उपरांत मंत्री राम विचार नेताम पटवध में आयोजित विधायक खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रवाना हुए।

## मकर संक्रांति के अवसर पर पुलिस लाइन चुर्क में हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ पारिवारिक कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर वामा सारथी, उत्तर प्रदेश फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हर्षोल्लास पूर्वक पुलिस परिवारजनों के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा बच्चों के साथ पतंग उड़ाकर पर्व की खुशियाँ साझा की गईं, जिससे उपस्थित बच्चों एवं परिवारजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति की गई, जिसमें पुलिस परिवारजनों एवं बच्चों द्वारा गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को सजीव किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को और अधिक आकर्षक एवं उल्लासपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ श्रीमती अंशिता वर्मा, अध्यक्ष, वामा सारथी सोनभद्र, श्रीमती जागृति अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी, उत्कर्ष द्विवेदी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, आशुतोष जायसवाल, डीएफओ, डॉ. चारु द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी यातायात, रणधीर कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर, हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी पिपरी एवं मुहम्मद नदीम, प्रतिसार निरीक्षक, सोनभद्र सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। उक्त आयोजन के माध्यम से पुलिस परिवारों के बीच आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

## चोपन व अनपरा में एक ही दिन ताबड़तोड़ छापेमारी, नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

### भारी मात्रा में डीजल-पेट्रोल व उपकरण बरामद

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। अवैध तेल कालाबजारी पर प्रभावी नियंत्रण एवं जनहित में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अवैध तेल कारोबारियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में दिनांक 14.01.2026 को सोनभद्र पुलिस द्वारा दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक साथ सुनियोजित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध तेल कालाबजारी में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई है।

कार्रवाई संख्या-01 : थाना चोपन क्षेत्र (गुरमुरा)

अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा एवं क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी के नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस द्वारा थाना चोपन क्षेत्रान्तर्गत गुरमुरा में अवैध तेल कालाबजारी के विरुद्ध छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 02 ड्रमों में कुल 120 लीटर अवैध डीजल, 20 लीटर अवैध पेट्रोल, एक टैंकर संख्या उऋ12अद3258, 200 लीटर क्षमता के 05 खाली ड्रम, 50 लीटर क्षमता के 02 खाली ड्रम, 20 लीटर के 02 खाली जर्केन, 01 मोटर पंप, 02 लोहे के कूपे, बरामद कर, मौके से दो अभियुक्तों 01. राम आशीष कुमार, पुत्र श्मादेव प्रसाद यादव, निवासी केन्दुआ, पोस्ट रजौली, थाना रजौली, जनपद नवादा (बिहार), उम्र लगभग 34 वर्ष व 02. मनीष कुमार, पुत्र राजकुमार पनीका, निवासी गुरमुरा, पोस्ट गुरमुरा, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जबकि सोनू जायसवाल पुत्र रामन्द्र, निवासी गुरमुरा, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।


अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

रोचक / शिखर चंद जैन

# पट-पट उछलने-कूदने वाला पॉपकॉर्न!





बच्चो, पॉपकॉर्न यानी भुने हुए मकई के दाने। मकई के दाने भूनते समय तुमने देखा होगा, कैसे पट.. पट.. करके उछलते-कूदते हैं। इन्हें देखकर बहुत मजा आता है। ये भूनते समय इस तरह क्यों उछलते-कूदते हैं? इन्हें इस तरह कब से खाए जाने की शुरुआत हुई, इनका क्या है इतिहास, इसका नाम पॉपकॉर्न कैसे पड़ा? पॉपकॉर्न से जुड़ी रोचक जानकारियां।

बच्चो, पॉपकॉर्न एक ऐसा स्नैक्स है, जो टेस्टी होने के साथ-साथ हेल्दी भी होता है। हल्की-फुल्की भूख के लिए पॉपकॉर्न एक बेहतरीन ऑप्शन है। तुम्हारा यह पसंदीदा पॉपकॉर्न दुनिया भर में पॉपुलर है। क्या तुम्हें पता है, पॉपकॉर्न की पसंद और इसके हेल्थ बेनिफिट्स को सेलिब्रेट करने के लिए 'पॉपकॉर्न-डे' भी मनाया जाता है। बच्चो, हर साल 19 जनवरी को अमेरिका में 'नेशनल पॉपकॉर्न-डे' मनाया जाता है।

**नया नहीं है पॉपकॉर्न:** कॉर्न (मकई) के एक विशेष प्रकार, जिसका वैज्ञानिक नाम 'जिया मेज एवर्टा' है, से पॉपकॉर्न बनाया जाता है। यह मकई



इस मायने में अलग है कि इसका पेरिकार्प यानी छिलका मोटा होता है। पॉपकॉर्न बनाने की शुरुआत 5000 साल से भी पहले हो चुकी थी। पेरू में 6700 साल पहले भी पॉपकॉर्न खाए जाते थे, इस बात के भी प्रमाण मिले हैं।

**कब हुआ पॉपुलर:** 1885 में चार्ल्स क्रेटर्स द्वारा मोबाइल पॉपिंग कार्ट के आविष्कार के बाद से पॉपकॉर्न पॉपुलर हुआ। इसके बाद से पॉपकॉर्न आसानी से तैयार किए और खरीदे-बेचे जाने लगे। धीरे-धीरे यह बच्चों और बड़े सभी का फेवरेट स्नैक्स बनता गया। खाने के साथ-साथ पेड़-पौधों की सजावट में भी इसका इस्तेमाल किया जाने लगा। आज भी कई जगहों पर क्रिसमस ट्री को सजाने के लिए पॉपकॉर्न का इस्तेमाल किया जाता है।



**उछलता है इसलिए नाम पड़ा 'पॉप' कॉर्न:** पॉपकॉर्न के दानों में 14 प्रतिशत तक नमी होती है। जब इन दानों को गर्म किया जाता है, तो पानी भाप बन जाता है। यह भाप जब दाने से बाहर आने का प्रयास करती है तो दाना पट-पट की आवाज के साथ उछलता है और फूट जाता है। जिससे ये पॉपकॉर्न बन जाते हैं। फूटते समय पॉपकॉर्न 3 फीट (लगभग 1 मीटर) तक उछल सकता है। इसके उछलने की प्रवृत्ति के कारण ही इसे 'पॉप' कॉर्न कहते हैं।

**तरह-तरह के पॉपकॉर्न:** पॉपकॉर्न कई तरह के होते हैं। 'जिया मेज' की लगभग 25 विभिन्न किस्में हैं। इनमें से दो प्रमुख प्रकार हैं-राइस पॉपकॉर्न और पर्ल पॉपकॉर्न। मक्के की यह प्रजाति आमतौर पर छोटी होती है। इसके दाने का आवरण और बाहरी भ्रूणपोष बेहद सख्त होता है।

**दो तरह के मुख्य शेप:** पॉपकॉर्न मुख्य रूप से दो अलग-अलग शेप में फूटते हैं।

**स्नोफ्लेक:** यह आकार में बड़ा और ऊबड़-खाबड़ होता है। मूवी थिएटर में तुम यही पॉपकॉर्न खाते हो। यह दिखने में ज्यादा लगता है।

**मशरूम:** यह गोल और ठोस होता है। इसका इस्तेमाल तब किया जाता है, जब पॉपकॉर्न पर चॉकलेट या कैरेमल की परत चढ़ानी हो, क्योंकि यह आसानी से टूटता नहीं है।

**हेल्दी ब्रेकफास्ट है पॉपकॉर्न:** पॉपकॉर्न खाने में मजा तो आता ही है, यह हेल्थ के लिए भी अच्छा होता है। 19वीं सदी में इसे दूध और चीनी के साथ नाश्ते के रूप में खाया जाता था। आज भी इसे तरह-तरह से खाया जाता है। इसमें भरपूर फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। साथ ही पॉपकॉर्न, मैंगनीज, फॉस्फोरस और जिंक का अच्छा स्रोत है। इसमें कैलोरी बेहद कम होती है और हार्मफुल ग्लूटेन नहीं पाए जाते। आजकल मल्टीप्लेक्स मूवी थिएटर्स में बड़े-बड़े स्टाइलिश डब्बों में तरह-तरह के मसालों से युक्त पॉपकॉर्न खूब बिकते हैं। *

## दुनिया का सबसे बड़ा पॉपकॉर्न बॉल

बच्चो, क्या तुम इमेजिन कर सकते हो कि एक पॉपकॉर्न बॉल कितना बड़ा हो सकता है? अमेरिका के आयोवा राज्य के सैक सिटी में साल 2016 में 9,370 पाउंड (लगभग 4250 किलोग्राम) वजन का पॉपकॉर्न बॉल बनाया गया। यह पॉपकॉर्न बॉल 24 फीट चौड़ी और 8 फीट से ज्यादा ऊंची है। इस पॉपकॉर्न बॉल का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल है।

## माइक्रोवेव की खोज में मददगार बना पॉपकॉर्न

बच्चो, एक इंटरेस्टिंग फैक्ट यह है कि तुम्हारे घर में रखे माइक्रोवेव ओवन का आविष्कार पॉपकॉर्न की वजह से ही हुआ था। साल 1945 में पर्सी स्पेंसर नाम के वैज्ञानिक एक मशीन पर काम कर रहे थे। उन्होंने देखा कि हीट की वजह से उनकी जेब में रखे पॉपकॉर्न के दाने अचानक फूटने लगे। इसी से उन्हें माइक्रोवेव बनाने का आइडिया आया।

पेंगुइन अपनी अनोखी शारीरिक संरचना के लिए जाना जाता है। इनकी ज्यादातर प्रजातियां लुप्त होने की कगार पर हैं। पेंगुइन पर मंडराते खतरे के कारण इनके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 20 जनवरी को 'पेंगुइन अवेयरनेस-डे' मनाया जाता है। जानो, पेंगुइन की कुछ प्रजातियों के बारे में।

# अजब-अनूठा पक्षी पेंगुइन


पक्षी जगत

मच्छिंद्र ऐनापुरे



पेंगुइन पक्षी का नाम सुनते ही हमारे दिमाग में एक प्यारे-से, काले-सफेद रंग का पक्षी आ जाता है, जो बर्फ पर मजेदार ढंग से मटकते हुए चलता है। बच्चो, दुनिया में पेंगुइन की अनेक प्रजातियां पाई जाती हैं। जानो, पेंगुइन की कुछ प्रजातियों के बारे में।

**एंपरर पेंगुइन:** यह पेंगुइन की दुनिया का राजा माना जाता है। एंपरर पेंगुइन सबसे बड़े आकार के पेंगुइन होते हैं। इनकी ऊंचाई लगभग 3 फीट 7 इंच होती है। वजन 35 से 40 किलो तक होता है। ये अत्यंत ठंडे इलाके अंटार्कटिका में रहते हैं। एंपरर पेंगुइन शानदार तैराक होते हैं, ये गहरे समुद्र में गोते लगाकर तैरते हैं।



**यलो-आइड पेंगुइन:** यह पेंगुइन न्यूजीलैंड में पाया जाता है। इसकी पीली-पीली आंखें और सिर पर पीली धारियां होती हैं। इसकी शारीरिक विशेषताओं के आधार पर ही इसका नामकरण हुआ है।

**किंग पेंगुइन:** एंपरर पेंगुइन से आकार में थोड़े छोटे और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े आकार के पेंगुइन होते हैं-किंग पेंगुइन। इनके सिर के पास पानी की बूंद जैसा पीला निशान होता है। इनमें भी वे सभी विशेषताएं पाई जाती हैं, जो एंपरर पेंगुइन में होती हैं। ये भी अंटार्कटिका में पाए जाते हैं।

**रॉकहॉपर पेंगुइन:** इनकी आंखों के ऊपर सुंदर-सी भौंहें होती हैं। ये चट्टानों पर उछल-कूद करते हुए चलते हैं। रॉकहॉपर पेंगुइन की दो प्रमुख प्रजातियां पाई जाती हैं। पहली, नॉर्दन रॉकहॉपर, जिनकी भौंहें बड़ी और उभरी हुई होती हैं। दूसरी, सदर्न रॉकहॉपर, जिनकी भौंहें थोड़ी छोटी होती हैं।

**मैकरॉनी पेंगुइन:** इस पेंगुइन का नाम (खाने वाली डिश मैकरॉनी) बड़ा मजेदार है न! इसका चेहरा काला, चोंच नारंगी और माथे पर पीले रंग की सुंदर कलगी होती है। यही इसकी पहचान है।



**लिटिल पेंगुइन:** नाम जैसा, आकार वैसा! ये दुनिया के सबसे छोटे आकार के पेंगुइन होते हैं। इनकी ऊंचाई सिर्फ 12 से 13 इंच तक और वजन करीब 1.2 से 1.3 किलोग्राम तक होता है।

**गैलापैगोस पेंगुइन:** यह दुनिया की इकलौती पेंगुइन प्रजाति है, जो भूमध्य रेखा (इक्वेटर) के पास रहती है। यह गैलापैगोस द्वीप समूह में पाई जाती है।

**अफ्रीकन पेंगुइन:** ये पेंगुइन अफ्रीका महाद्वीप के दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया देशों में पाए जाते हैं। इन पेंगुइन की आंखों के चारों ओर फर नहीं होते और छाती पर काली पट्टी होती है। *



## भारत में भी देखी जा सकती है पेंगुइन

बच्चो, तुम सोच सकते हो कि कि पेंगुइन सर्द प्रदेशों/स्थलों में पाया जाने वाला पक्षी है, इसे भारत जैसे गर्म देश में नहीं देखा जा सकता, लेकिन ऐसा नहीं है। तुम अपने देश में भी पेंगुइन को देख सकते हो। मुंबई के वीरमाता जीजाबाई भोसले प्राणी संग्रहालय (रानी का बाग) में 18 पेंगुइन देखे जा सकते हैं। ये हंबोल्ट प्रजाति के पेंगुइन हैं, जो मूल रूप से पेरू और चिली से लाए गए हैं। साल 2016 में यहां सिर्फ 8 पेंगुइन थे, अब उनकी संख्या बढ़कर 18 हो गई है।

कविता / फहीम अहमद

## मखमली धूप

ठिठुर रहे तन को लगती है
मखमल-सी जाड़े की धूप।
धीरे से मन को छू जाती
कोमल-सी जाड़े की धूप।
मीठे गीत सुनाती हमको,
कोयल-सी जाड़े की धूप।

सबके दिल में घर कर जाती
चंचल-सी जाड़े की धूप।
ठिठुरन वाले सन्नाटे में
हलचल-सी जाड़े की धूप।
जब छत पर लेटें तो ओढ़ें
कंबल-सी जाड़े की धूप।
नानी की गोदी, अम्मा के
आंचल-सी जाड़े की धूप।



## बूझो तो जानें



1
भूरा-काला रुई-सा हल्का
मैं नभ में उड़ता जाता।
बरसातों का दूत बनूं मैं
गड़-गड़ गड़-गड़ शोर मचाता।



2
सड़क नहीं, आकाश सवारी
पंख लगे, पर नहीं हूं चिड़िया।
लोगों को सुदूर पहुंचाऊं
वायु भांति मेरी गति बढ़िया।

3
बत्ती नहीं, न कोई तेल
रातों को कर देता जगमग।
ज्यों नींद खुले सूरज की
मैं छुप जाता चलकर डगमग।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.बादल, 2.हवाई जहाज, 3.जुगनू



## जीके क्विज-188

1. दृष्टिबाधित लोगों के लिए पहली ब्रेल लाइब्रेरी किस राज्य मे खोली गई है?
2. भारतीय महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच हाल ही मे किसे नियुक्त किया गया है?
3. सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?
4. इन दिनों 53वें विश्व पुस्तक मेला का आयेजन किस शहर मे किया जा रहा है?
5. सापेक्षता का सिद्धांत (थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी) की खोज किसने की थी?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन सा है?
7. लावणी किस राज्य का पारंपरिक लोकनृत्य है?
8. भारत में केसर का उत्पादन सबसे ज्यादा किस राज्य में होता है?
9. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन सा है?
10. 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' के लेखक कौन हैं?



बच्चो, जीके क्विज-188 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-187 का उत्तर :** 1.दीप्ति शर्मा, 2. जापान, 3.काम्या कार्तिकेयन, 4.सारनाथ, 5.सी. राजगोपालाचारी, 6.ओडिशा, 7.विटामिन-ए, 8.मुंबई से ठाणे, 9.नाइक्रोम, 10.तमिलनाडु

**जीके क्विज-187 का सही उत्तर देने वाले :** गौरव-कोरबा, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, कोमल-रोहतक, शुभम-रायपुर, रौनक-दुर्ग, कमल-बिलासपुर, सुमन-रायगढ़, शिप्रा-महासमुंद



कहानी

हरीश कुमार अमित

मयंक और उसके दादा जी ने एक दिन शर्त लगाई, कौन कितने देर बिना बोले रह सकता है, जो पहले बोलेगा, तय शर्त के अनुसार हर्जाना भरेगा। मयंक को लगा दादा जी शर्त हार गए, जबकि दादा जी को लगा मयंक हारा। लेकिन वास्तव में शर्त कौन जीता?

# लग गई शर्त



मयंक बहुत बातूनी है। लंबी-लंबी बातें करना उसे अच्छा लगता है। थोड़ी देर तक भी बिना बोले रहना उसके लिए मुश्किल है। आज मयंक के स्कूल की छुट्टी थी। वह दादा जी के कमरे में उनके पास बैठा उनसे बातें कर रहा था। बातों-बातों में दादा जी ने मयंक से शर्त लगा ली, कौन ज्यादा देर तक बिना बोले रह सकता है। शर्त के अनुसार उन दोनों में से जो पहले बोलेगा, वह शर्त हार जाएगा। दादा जी ने यह भी कहा कि अगर खुद वे शर्त हार गए तो मयंक को रेस्टोरेंट ले जाकर मसाला डोसा खिलाएंगे। और अगर मयंक शर्त हार गया तो वह पिछले दिनों अपने जन्मदिन पर मिले चॉकलेट के डिब्बे से पांच चॉकलेट दादा जी को देगा।

शर्त लगने के बाद दादा जी और मयंक दोनों एक-दूसरे से इशारों-इशारों में ही बातें करने लगे। घर में उस समय और कोई मौजूद नहीं था। मयंक के मम्मी-पापा कहीं गए हुए थे, उन्हें शाम तक ही घर लौटना था। मयंक को पूरा विश्वास था, वह शर्त जीत जाएगा।

थोड़ी देर बाद दादा जी के मोबाइल फोन पर मयंक के पापा का फोन आया। पापा ने यह बताने के लिए फोन किया था कि वे लोग शाम को आठ बजे तक ही वापस आ पाएंगे। दादा जी ने पापा की बात तो सुन ली, लेकिन खुद जो कहना था, वह टेक्स्ट मैसेज में लिखकर भेज दिया। साथ ही चुप रहने की शर्त के बारे में भी लिख दिया ताकि फोन पर उनके बात न करने के कारण पापा को कुछ अटपटा न लगे। थोड़ी देर बाद मयंक का जी करने लगा कि कुछ बोला जाए, लेकिन शर्त के कारण उसने अपने आपको रोके रखा। कुछ देर बाद अचानक मयंक को दादा जी की आवाज सुनाई दी। दादा जी की आवाज सुनते ही वह जोर से बोल उठा, 'मैं जीत गया! मैं जीत गया!' 'जीत तो मैं गया हूं, बेटा। तुम पहले जो बोल पड़े हो।' दादा जी ने हंसते हुए कहा।

'जीता तो मैं हूं, दादा जी! पहले आपकी आवाज सुनाई दी है!' मयंक ने दादा जी की बात का खंडन किया।

'आवाज से क्या होता है? बोले तो पहले तुम ही हो! इसलिए मैं शर्त जीत गया हूं।' दादा जी ने हंसते हुए जवाब दिया।

'कैसे, दादा जी? पहले आप बोले, तभी तो आपकी आवाज सुनाई दी।' मयंक ने दादा जी को समझाना चाहा।

'लेकिन मैं पहले बोला ही नहीं था। मैंने तो यह वीडियो चलाया था, जिसमें मेरी आवाज है।' कहते हुए दादा जी ने अपने कुर्ते की जेब से अपना मोबाइल फोन निकाल कर वह वीडियो फिर से चला दिया। यह वही वीडियो था, जो मयंक ने उनके फोन पर कुछ दिन पहले बनाया था। इस वीडियो में दादा जी मयंक को एक कहानी सुना रहे थे।

'पर यह तो चीटिंग है, दादा जी!' मयंक ने विरोध जताया।

'इसमें चीटिंग की क्या बात है? तुम्हें मेरी असली आवाज और वीडियो से आ रही आवाज का अंतर समझना चाहिए था।' दादा जी मुस्कुराते हुए बोले।

दादा जी का यह तर्क सुनकर मयंक जवाब में कुछ न बोल सका। उसने अपनी हार मान ली और चुपचाप एक तरफ बैठ गया।

मयंक का उदास चेहरा देखकर दादा जी कुछ देर सोचते रहे और फिर हंसते हुए बोले, 'बेटा, मैं तो मजाक कर रहा था तुमसे! शर्त तो तुम ही जीत गए हो, क्योंकि मेरी आवाज पहले सुनाई दे गई थी। असल में सुबह से ही मेरा बहुत मन कर रहा था कि तुम्हारे साथ रेस्टोरेंट में जाकर गरमा-गरम मसाला डोसा खाया जाए। इसीलिए मैंने तुम्हारे साथ यह शर्त लगाई थी, और मैं जान-बूझकर शर्त हार भी गया ताकि मसाला डोसा खाने की मेरी इच्छा पूरी हो सके।' दादा जी के मुंह से यह सब सुनकर मयंक मन ही मन बहुत खुश हो गया। दादा जी आगे बोले, 'तुम्हारे मम्मी-पापा को तो कई घंटे बाद घर लौटना है। तब तक हम दोनों चलते हैं रेस्टोरेंट में मसाला डोसे का आनंद उठाने। तुम तैयार हो जाओ फटाफट।'

यह सुनकर मयंक के चेहरे की उदासी मिट गई और वह खुशी-खुशी दादा जी के साथ रेस्टोरेंट जाने के लिए तैयार होने लगा। उसे दादा जी के साथ मसाला डोसे का आनंद जो लेना था। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## रोचक-प्रेरक कहानी

बच्चो, दुनिया भर में बच्चों के लिए बहुत अच्छी-अच्छी किताबें लिखी जा रही हैं। ये किताबें तुम्हें जरूर पढ़नी चाहिए, क्योंकि ये तुम्हारा एक नए प्रकार का मनोरंजन करेंगी। इन किताबों को पढ़कर तुम जानोगे कि दुनिया कितनी मजेदार है, अद्भुत कल्पनाओं और रोमांच से भरी है। ऐसी ही एक किताब है 'स्टोरी ऑफ डॉक्टर डूलिटिल' यानी पशु भाषा विशेषज्ञ डॉक्टर डूलिटिल की कहानी। यह एक ऐसे डॉक्टर की कहानी है, जो था तो इंसानों का डॉक्टर, लेकिन जानवरों का इलाज करने लगा। यह डॉक्टर जानवरों की बोलियां समझता ही नहीं था, उनके साथ बात भी करता था। यह सब उसे पोलेसेनिया नाम के एक तोते ने सिखाया था। जब डॉक्टर डूलिटिल पशु-पक्षियों से बात करके उनकी समस्याओं को जानकर उनका इलाज करने लगा तो उसके सभी बीमार पशु-पक्षी जल्दी-जल्दी स्वस्थ होने लगे। इस तरह वह डॉक्टर, इंसानों के इलाज के लिए ही नहीं, पशु-पक्षियों के इलाज के लिए भी बहुत मशहूर हो गया। फिर डॉक्टर डूलिटिल को अफ्रीका से एक संदेश मिला कि वहां के बंदरों में एक जानलेवा बीमारी फैली है, जिससे वे तेजी से मर रहे हैं। फिर क्या था, डॉक्टर डूलिटिल अफ्रीका के लिए निकल पड़े। इसके बाद क्या हुआ, यह जानने के लिए बच्चो, तुम्हें इस किताब को पढ़ना होगा। इस किताब के लेखक हैं ह्यु लॉफ्टिंग, जिन्होंने सन 1920 में इसे लिखा था। यह किताब इतनी लोकप्रिय हुई कि डॉक्टर डूलिटिल की एक के बाद एक रोचक कहानियों वाली 12 किताबें प्रकाशित हुईं। इन पर कई फिल्में भी बनीं। दुनिया भर की अनेक भाषाओं में इन किताबों का अनुवाद भी हुआ है। ये किताबें विश्व बाल साहित्य की धरोहर हैं। *




**किताब:** पशु भाषा विशेषज्ञ डॉक्टर डूलिटिल की कहानी (फैंटेसी उपन्यास), **लेखक:** ह्यु लफ्टिंग, **अनुवाद:** आलोक कुमार, **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां अपने क्यूट से डॉगी के साथ खड़ी लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें तीन मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट ये सभी छह अंतर खोजकर बताओ-



उत्तर: 1. बाईं तरफ लड़की के बालों की लट हुई नहीं है। 2. लड़की के हाथ में ब्रेसलेट पहना हुआ है। 3. लड़की की टी-शर्ट पर फूल बना हुआ है। 4. लड़की का बायां हाथ खुला हुआ है। 5. डॉगी की आंखें बंद हैं। 6. डॉगी की जीभ अंदर है।

## गिनकर बताओ

बच्चो, यहां दो तरह की मछलियों के कई सारे चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ, किस मछली की संख्या कितनी है?

